mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-182 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
04 जुलाई 2025 शुक्रवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



संन्यास से पहले ...

@ पेज 7

## गुरुग्राम में शहरी निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम के मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने उद्घाटन किया। मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। जिनमें इंदौर, सूरत, विशाखापट्नम, मुरादाबाद, भोपाल और जयपुर समेत लगभग सभी बड़े शहरों के मेयर और प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ने कहा कि स्थानीय स्वशासन लोकतंत्र का मजबूत आधार है, इसके प्रतिनिधियों से जनता का सीधा संवाद होता है। जिससे आमजन लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्यक्ष भागीदार बनता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसमें जमीनी स्तर पर लोगों की कठिनाइयों और जरूरतों को समझते हुए नीतियां बनाने का अवसर मिलता है

## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- इलेक्शन तक छात्रसंघ ऑफिस बंद रहेंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता हाईकोर्ट ने लॉ कॉलेज में गैंगरेप को लेकर दाखिल की गई तीन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे



कमरों का इस्तेमाल किसी भी काम के लिए नहीं किया जा सकता है। जरूरत होने पर वैध कारणों के साथ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार को आवेदन देना होगा। वहीं, पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने बुधवार को मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते आरोपी को बार काउंसिल की सूची से हटाया गया है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी अलग-अलग बयान दे रहे हैं ताकि जांच को भटकाया जा सके। एक अधिकारी ने कहा कि तीनों लॉ स्टूडेंट हैं, इन्हें कुछ कानूनी चालें आती हैं।

## अखिलेश ने आजमगढ़ में नए घर का गृह प्रवेश किया

**आजमगढ़ (एजेंसी)।** आजमगढ़ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सुरक्षा में चूक हुई है। अखिलेश नए घर के गृह प्रवेश की पूजा के बाद मंच पर बैठे थे, तभी भीड़ से एक युवक अचानक पहुंचा और बैरिकेडिंग फांद गया। पुलिसवालों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह धक्का और कोहनी मारते हुए मंच के पास पहुंच गया। मंच के करीब पुलिस जवानों ने उसे घेर लिया तो वह वहीं लेट गया। हाथ जोड़कर नारेबाजी करने लगा। इसके बाद पुलिसवालों ने जैसे-तैसे उसे वहां से हटाया। युवक कौन है। यह पता नहीं चल पाया।

पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। दरअसल, अखिलेश ने आजमगढ़ में 72 बिस्वा में नया घर बनवाया है। आज अकेले ही पहुंचकर उन्होंने गृह प्रवेश की पूजा की। इस घर में अखिलेश का ऑफिस रूम, 3 पर्सनल कमरे, सेक्रेटरी के लिए ऑफिस और समर्थकों के लिए बड़ा हॉल बनाया गया है।

## पुणे- घर में घुसकर इंजीनियर से रेप करने वाला गिरफ्तार

पुणे (एजेंसी)। पुणे में एक 22 साल की टेक्निकल इंजीनियर से घर में घुसकर रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी कूरियर बॉय बनकर आया था। घटना बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे कोंढवा पुलिस थाने के अंतर्गत हुई। वह बैंक का लिफाफा देने के बहाने फ्लैट में घुसा। जब महिला कूरियर के लिए पिन लेने घर के अंदर गई, तो आरोपी ने दरवाजा बंद कर दिया और उसके साथ रेप किया। हमले के दौरान महिला बेहोश हो गई और कई घंटों तक बेहोश रही। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि आरोपी ने उस पर कोई कैमिकल स्प्रे किया था या नहीं। पुणे पुलिस ने आरोपी का पता लगाने और उसे कड़ने के लिए 10 टीमें बनाईं।, जिनमें से 5 क्राइम ब्रांच की और5 लोकल टीमें रहीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की। हालांकि दोपहर बाद मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। और उससे पूछताछ जारी है।

## गुजरात के बनासकांठा में भारी बारिश

गांधीनगर (एजेंसी)। देश के ज्यादातर राज्यों में गुरुवार को भी तेज बारिश का दौर जारी है। हिमाचल में बाढ़-बारिश से हालात खराब हैं। अब तक मंडी में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 11 की मौत हो चुकी है। उधर, गुजरात के बनासकांठा में पिछले 24 घंटों में 8 इंच बारिश हुई। इससे कई इलाकों में पानी भर गया। उत्तराखंड में कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ों का मलबा सड़कों पर आ गया। बारिश से तबाही के हालात देखिए... हिमाचल के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अब भी 34 लोग लापता हैं। इधर, राज्य में इस मानसून में मरने वालों का आंकड़ा 52 से ज्यादा हो गया है। खराब मौसम के चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। राज्य में भारी बारिश के कारण 245 सड़कें बंद हैं। 918 ट्रांसफॉर्मर खराब हो चुके हैं, 148 घरों को नुकसान पहुंचा। अकेले मंडी में 151 सड़कें बंद हैं और 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 162 मवेशियों की मौत हुई है।

## दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है।

## नगरीय क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने कार्य-योजना बनाई जाए : मुयमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नगरों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से, लोगों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए किफायती और सुविधाजनक आवास सुविधा विकसित करने कार्य-योजना बनाई जाए। नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण की बेहतरी के लिए उद्यानों को विकसित करना और विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सहित सभी आवासीय परियोजनाओं में पौध-रोपण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध निर्माण का सर्वेक्षण करवा कर उन पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में कॉलोनियों के विकास में देश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स एंड कॉलोनाईजस को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाली आकस्मिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए अग्निशमन सेवा का आधुनिकीकरण तत्काल किया जाए। अंतर्शहरी क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार के लिए नमो ट्रेन की योजना तैयार



की जाए। जल्द ही इस पर केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा कर मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्राथमिकता के आधार पर आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में मीट-मछली के दुकानदारों को व्यवस्थित करने और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए नगरीय निकायों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार्मिक क्षेत्रों में दीनदयाल रसोई योजना के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सरकारी मदद के साथ स्वंयसेवी संस्थाओं और निजी दानदाताओं की मदद ली जाए। शहरी क्षेत्रों में स्थानीय समुदाय के स्व-सहायता समूह तैयार कर उन्हें आधुनिक लॉण्ड्री शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए।

## अमरनाथ में पहली आरती हुई, जम्मू से दूसरा जत्था रवाना

**पहलगाम (एजेंसी)।** आज से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। वहीं, पहला जत्था बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से रवाना अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे लगाते रहे। पहले जत्थे में केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे भी तीर्थयात्रियों के साथ शामिल थीं। कड़ी सुरक्षा के बीच 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ।

## विपिन फिर बोला- सोनम ने राजा की बलि दी

इंदौर (एजेंसी)। इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस में उसके भाई विपिन ने गुरुवार को बलि देने की बात दोहराई। विपिन ने कहा- सोनम ने शादी के पहले अपनी मां से कहा था कि उसकी पसंद की शादी नहीं हुई तो अंजाम बहुत बुरा होगा। और इस तरह सोनम ने शादी के बाद राजा को मारकर उसकी बलि देकर अपनी इच्छा तो पूरी कर ली है।विपिन ने कहा, राजा को मारने के बाद जब सोनम इंदौर आई तो उसने राज से शादी कर ली होगी, इसलिए दूसरा मंगलसूत्र उसी का होगा। दो में से एक मंगलसूत्र हमारा दिया हुआ है। जबकि दूसरा हमने नहीं दिया। एक चेन और पायजेब भी बरामद की गई है, वो भी हमारी नहीं है। बता दें कि बुधवार को राजा की मौसेरी बहन सृष्टि के खिलाफ असम में एफआईआर दर्ज करने की जानकारी आई थी। ये एफआईआर इंस्टाग्राम



वीडियो में नरबलि की बात कहकर छवि बिगाड़ने के आरोप पर दर्ज कराई गई थी। इस मामले में विपिन ने कहा- 15 दिन पहले हमें असम पुलिस का नोटिस मिला था। इसमें कहा था कि नरबलि के सबूत हैं तो दें वरना माफी मांगें। इस पर हमने माफी मांग ली थी। एफआईआर जैसी कोई बात नहीं है। मामले में कामाख्या मंदिर के पुजारी सरू डोलोई हिमाद्रि का बयान भी सामने आया था।

## पंजाब के नए मंत्री बने अरोड़ा को मिले 3 विभाग

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** राज्यसभा छोड़कर लुधियाना से उपचुनाव जीतने वाले संजीव अरोड़ा पंजाब सरकार के नए एनआरआई, उद्योग और वाणिज्य मंत्री बन गए हैं। गुरुवार को राजभवन में हुए समारोह में उन्होंने 17वें मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। लुधियाना वेस्ट उपचुनाव जीतने के बाद संजीव अरोड़ा को मंत्री बनाए जाने का वादा किया गया था। इसी वजह से उनकी कैबिनेट में एंट्री हुई है। आप सरकार के करीब साढ़े 3 साल के कार्यकाल में यह 7वां कैबिनेट विस्तार है। एनआरआई विभाग पहले कुलदीप धालीवाल के पास था, लेकिन उन्होंने अब इस्तीफा दे दिया है। वहीं उद्योग विभाग तरुणप्रीत के पास था, जिसको वापस लेकर अरोड़ा को दिया गया है। तरुणप्रीत के पास अब केवल पंचायत एवं संस्कृति विभाग बचा है। इस्तीफे के बाद धालीवाल ने कहा- मुझे ष्टरूभगवंत मान ने कहा था कि किसी और को मौका देना है। मैंने कहा ठीक है। मैंने सीएम को इस्तीफा दिया है। मैं महकमों की लड़ाई में शामिल नहीं हूं। अरोड़ा के कैबिनेट में शामिल होने के बाद और कुलदीप धालीवाल के इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में 16 मंत्री हो गए हैं। अब भी मंत्रिमंडल में एक सीट खाली रह गई है।

## बिहार वोटर लिस्ट संशोधन- इंडिया गुट चुनाव आयोग से मिलां

नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने बिहार में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में संशोधन को वोटबंदी का नाम दिया है।

इंडिया ब्लॉक के 11 दलों के प्रतिनिधिमंडल ने इसे लेकर बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। इंडिया गुट चुनाव आयोग के सामने अपनी चिंताएं साझा करना चाहते थे, लेकिन इस मुलाकात से विपक्षी नेता खुश नजर नहीं आए। सीपीआई (एमआई)



लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद हमारी चिंताएं और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि आयोग ने हमारे किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## मुंबई पुलिस हाईकोर्ट से बोली- दिशा सालियान ने सुसाइड किया

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या की थी। उनकी मौत में कोई साजिश नहीं मिली है। हाईकोर्ट में दाखिल पुलिस के इस एफिडेविट की बात गुरुवार को सामने आई। इसके बाद शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य महायुति नेताओं को इस मामले में आदित्य ठाकरे से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने जबरन आदित्य पर आरोप



लगाए। उधर, दिशा के पिता सतीश सालियन ने एक बार फिर दोहराया कि उनकी बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

## बागेश्वर धाम में टेंट गिरा, श्रद्धालु की मौत

**छतरपुर (एजेंसी)।** छतरपुर जिले में गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम परिसर में टेंट गिर गया। लोहे का एंगल सिर में लगने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि भगदड़ में 8 लोग घायल हुए हैं। हादसा गुरुवार सुबह करीब 7 बजे आरती के बाद हुआ। बारिश से बचने के लिए श्रद्धालु टेंट के नीचे इकट्ठा हुए थे। घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक श्याम लाल कौशल के दामाद राजेश कुमार कौशल ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के मनकापुर गांव के रहने वाले हैं। ससुराल बस्ती जिले के चौरी सिकंदर पुर गांव में है। परिवार के 6 लोग कार से बुधवार रात बागेश्वर धाम आए थे। शुक्रवार को धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन है। इससे पहले



गुरुवार सुबह सभी लोग तैयार होकर शास्त्री के दर्शन करने पहुंचे थे। राजेश ने बताया कि लोहे का एंगल उनके ससुर श्यामलाल कौशल (50) के सिर में लगा। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सिविल सर्जन शरद चौरसिया ने बताया- बागेश्वर धाम में टेंट गिरने से एक शख्स की मौत हो गई।

## उत्तराखंड- तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी गई

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। ष्टरूपुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी।

उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत



11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है।

## केजरीवाल का ऐलान- बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अहमदाबाद में कहा, इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारा किसी से कोई गठबंधन नहीं है। केजरीवाल गुजरात के दो दिन के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के विसावदर उपचुनाव में हमने कांग्रेस से अलग लड़कर तीन



गुना ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा, यह जनता का सीधा संदेश है कि अब विकल्प आम आदमी पार्टी है। आगे गुजरात में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। दिल्ली में हार पर कहा कि ऊपर-नीचे होता रहेगा। पंजाब में हमारी सरकार दोबारा बनेगी। भाजपा की सरकार ने गुजरात को बर्बाद कर दिया है। सूरत समेत कई शहर पानी में डूबे हुए हैं। किसान, युवा और व्यापारी समेत सभी वर्ग परेशान हैं। इसके बाद भी बीजेपी गुजरात में जीतती आ रही है।

## नया बिजली कनेक्शन लेना हुआ आसान

भोपाल (एजेंसी)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विगत जुलाई 2023 से शुरू किये गये ऑनलाइन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से अब तक भोपाल शहर में 55 हजार से अधिक नए कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, जबकि पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में 03 लाख 36 हजार से अधिक नए कनेक्शन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रदान किये गए हैं। इनमें 10 किलोवॉट तक के अस्थायी कनेक्शन भी शामिल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। नये कनेक्शन लेने के लिये उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी के पोर्टल एप पर जाकर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। आवेदक द्वारा विधिवत ऑनलाइन आवेदन और भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत बिजली कंपनी द्वारा सर्वे एवं अन्य औपचारिकताएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर उपभोक्ता के परिसर में नया कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## आवासीय परिसर में गैर घरेलू गतिविधियां होने पर व्यवसायिक श्रेणी में विद्युत कनेक्शन के लिए स्वैच्छिक आवेदन करने की सलाह

भोपाल (एजेंसी)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट, प्रायवेट हॉस्टल या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए विद्युत कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू लाइट और फैन का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें। कंपनी ने बताया कि सघन चैकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि आवासीय परिसर में संचालित की जा रही है तो ऐसी गतिविधियों को गैर घरेलू प्रयोजन में माना जाएगा और संबंधित दोषी उपभोक्ता से जुर्माना वसूल किया जाएगा। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने कनेक्शन की जांच करा लें और जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया गया है उसी के अनुसार सही संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए बिजली कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर जाकर अपने कनेक्शन प्रयोजन के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर संबंधित टैरिफ श्रेणी में परिवर्तित करा लें।

## नेशनल मीन्स कम मेरिट छात्रवृति योजना पर 3 जुलाई को एक दिवसीय कार्यशाला

भोपाल (एजेंसी)। प्रदेश में राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा गुरुवार 3 जुलाई को राजधानी भोपाल के होटल अशोका लेक व्यू में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग नई दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार श्री राघवेन्द्र खरे प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे।

# एमपी में एक अटूबर से महंगा होगा टाइगर रिजर्व पर्यटन



भोपाल (एजेंसी)। एमपी में नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में घूमना एक अक्टूबर से महंगा हो जाएगा। सरकार ने मौजूदा प्रवेश टिकट फीस में दस फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। विदेशी पर्यटकों को भारतीय पर्यटकों की बजाय दोगुनी टिकट फीस देनी होगी। प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों एवं बाघ अभयारण्यों में भ्रमण के लिए प्रवेश टिकट की बुकिंग एमपी ऑनलाइन के माध्यम से होती है। प्रदेश के ज्यादातर टाइगर रिजर्व में सोमवार से शुक्रवार तक छह लोगों के प्रवेश पर 2400 रुपए और शनिवार-रविवार को 3000 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जाता है। एक अक्टूबर से इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी। इसके बाद पर्यटकों को क्रमश- 240 और 300 रुपए अधिक चुकाने पड़ेंगे। इसमें जिप्सी का किराया शामिल नहीं है। जिप्सी के लिए पर्यटकों को अलग-अलग पार्क में 2000 से 3500 रुपए तक अतिरिक्त देने पड़ते हैं। वहीं विदेशी पर्यटकों को दो गुना शुल्क चुकाना पड़ता है। प्रदेश सरकार ने 22 अक्टूबर 2024 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें मैहर जिले के मुकुंदपुर वाइट टाइगर सफारी, भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान और इंदौर के रालामंडल अभयारण्य के प्रवेश शुल्क में 5 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। इसी अधिसूचना में यह भी प्रावधान किया गया था कि प्रदेश के सभी संरक्षित क्षेत्रों (नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व) के प्रवेश शुल्क में हर तीन साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यह नीति 2025-26 से प्रभावी हो रही है। इसलिए एक अक्टूबर से सभी नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में घूमना महंगा हो जाएगा। मानसून के कारण प्रदेश के सभी संरक्षित क्षेत्रों में तीन माह (जुलाई से सितंबर) पर्यटन बंद रहेगी। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह ब्रीडिंग सीजन है और दूसरा बारिश के कारण नदी-नालों में काफी पानी रहता है। बारिश के कारण जंगल के रास्ते भी खराब हो जाते हैं। ऐसे में पर्यटन कराना खतरे से खाली नहीं है। इसलिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक सभी पार्क बंद कर दिए जाते हैं। यानी 1 अक्टूबर को इन पार्कों में फिर से पर्यटन शुरू होगा।

विदेशी पर्यटक मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व को काफी पसंद कर रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। अकेले बांधवगढ़ की बात करें, तो पिछले 5 वर्ष में भारतीय पर्यटकों की संख्या 7 लाख 38 हजार 637 और विदेशी पर्यटकों की संख्या 85 हजार 742 रही।

## 32 साल की सेवा करने के बाद भी नहीं मिली ग्रेच्युटी-पेंशन राशि

भोपाल (एजेंसी)। कार्यालय कल्याण आयुक्त, भोपाल गैस पीड़ित में 30 से 35 साल तक सेवा देने वाले कर्मचारी आज भी ग्रेच्युटी और पेंशन से वंचित हैं। 2023-24 तक यहां 96 कर्मचारी कार्यरत थे। सभी को केंद्र सरकार के वेतनमान और भत्तों का लाभ मिला। भविष्य निधि और अर्जित अवकाश की पात्रता भी दी गई। सेवा निवृत्ति के बाद भी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी और पेंशन नहीं मिली। यह विभाग शुरू से ही केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन है। नियम के अनुसार 10 साल सेवा के बाद कर्मचारी ग्रेच्युटी और पेंशन का हकदार होता है। यहां 32 साल सेवा देने के बाद भी कर्मचारी वंचित हैं। वर्ष 2020 से 2025 के बीच रिटायर 15 से ज्यादा कर्मचारियों के परिवार आज भी आर्थिक तंगी में हैं।

## राजस्व प्रकरणों का रिकॉर्ड निराकरण

भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रदेश में 2 चरणों में राजस्व महाअभियान संचालित किये गये। राजस्व महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण का क्रम राजस्व महाअभियान-2 के बाद भी जारी है। राजस्व महाअभियान-2 के बाद फरवरी-2025 से अब तक राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के 8 लाख 49 हजार 681 प्रकरणों का रिकॉर्ड निराकरण किया गया है। यह निराकरण राजस्व महा-अभियान के बाद जनवरी-2025 के अंत से अब तक किया गया है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, राजस्व न्यायालयों की दक्षता, पारदर्शिता और तीव्रता को दर्शाती है। राजस्व महा-अभियान से प्रकरणों के निराकरण में आयी तेजी लगातार बनी हुई है। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के 27 जनवरी, 2025 के बाद से अब तक के प्रकरणों के निराकरण की जिलेवार स्थिति में आगर-मालवा में 10 हजार 417, अलीराजपुर में 2550, अनूपपुर में 10 हजार 690, अशोकनगर में 10 हजार 130, बालाघाट में 21 हजार 897, बड़वानी में 5 हजार 610, बैतूल में 21 हजार 407, भिण्ड में 21 हजार 964, भोपाल में 31 हजार 996, बुरहानपुर में 6 हजार 340, छतरपुर में 28 हजार 325, छिंदवाड़ा में 23 हजार 84, दमोह में 15 हजार 616, दतिया में 14 हजार 501, देवास में 16 हजार 395, धार में 13 हजार 362, डिण्डौरी में 9 हजार 203, गुना में 14 हजार 784, ग्वालियर में 26 हजार 221, हरदा में 5 हजार 704, इंदौर में 31 हजार 540, जबलपुर में 28 हजार 167, झाबुआ में 6 हजार 730, कटनी में 22 हजार 299, खण्डवा में 13 हजार 413, खरगौन में 14 हजार 37, मैहर में 8 हजार 612, मण्डला में 11 हजार 110, मंदसौर में 14 हजार 776, मऊगंज में 6 हजार 788, मुरैना में 21 हजार 538, नर्मदापुरम में 12 हजार 89, नरसिंहपुर में 9 हजार 650, नीमच में 8 हजार 710, निवाड़ी में 4 हजार 491, पांढुर्णा में 5 हजार 16, पन्ना में 11 हजार 544, रायसेन में 15 हजार 343, राजगढ़ में 15 हजार 911, रतलाम में 13 हजार 720, रीवा में 31 हजार 789, सागर में 25 हजार 841, सतना में 18 हजार 959, सीहोर में 17 हजार 112, सिवनी में 20 हजार 725, शहडोल में 12 हजार 646, शाजापुर में 14 हजार 816, श्योपुर में 5 हजार 134, शिवपुरी में 21 हजार 98, सीधी में 13 हजार 653, सिंगरौली में 17 हजार 373, टीकमगढ़ में 11 हजार 387, उज्जैन में 26 हजार 614, उमरिया में 7 हजार और विदिशा जिले में 19 हजार 854 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रदेश में मातृ भाषा को दिया जाये बढ़ावा



**भोपाल (एजेंसी)।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा में मातृ-भाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप श्रेष्ठ कार्य किया जा रहा है।

श्री प्रधान ने यह बात बुधवार को भोपाल में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह से सौजन्य मुलाकात के दौरान कही। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री? सिंह ने बताया कि प्रदेश में 4473 शासकीय स्कूलों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन शालाओं में करीब एक लाख बच्चे नामांकित है। प्रदेश में ड्रॉप-आउट बच्चों की संख्या दर कम करने के लिए स्कूलों में नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी दी।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए 2.70 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त



भोपाल (एजेंसी)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये जारी की गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2,70,152 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। भर्ती प्रक्रिया में दस संभागों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 55,730 और आंगनवाड़ी सहायिका के लिए 2,14,422 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई है।

उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 19 हज़ार 504 पदों की पूर्ति के लिए इंदौर संभाग से सबसे अधिक 47 हज़ार 116 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन में 38 हज़ार 601 सहायिका के पद और 8 हज़ार 515 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। जबलपुर संभाग से कुल 44 हजार 258 आवेदन में से 34 हजार 317 सहायिका के और 9 हजार 941 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन प्राप्त हुए है। सागर संभाग से 33 हज़ार 513 में से सहायिकाओं के पद के लिए 27 हज़ार 857 और कार्यकर्ता के लिए 5 हज़ार 656 आवेदन आए है।

भोपाल में कुल 28 हज़ार 850 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें सहायिका के पद के लिए 22 हजार 397 और कार्यकर्ता के लिए 6 हज़ार 453 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी प्रकार रीवा से 28 हज़ार 519 कुल आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें 23 हज़ार 831 आवेदन सहायिका के और 4 हज़ार 688 आवेदन कार्यकर्ता के लिए प्राप्त हुए है। ग्वालियर संभाग के 28 हज़ार 413 आवेदनों में सहायिका के 22 हज़ार 73 और कार्यकर्ताओं के 6 हज़ार 340 आवेदन प्राप्त हुए है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर को 5 वर्ष की सजा



**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में वन एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये किये जा रहे समग्र प्रयासों के अंतर्गत वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स भोपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा, जो मूल रूप से तिब्बत का निवासी है, जिसे 9 साल की कड़ी मेहनत के बाद 25 जनवरी, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय सीमा भारत-नेपाल के पास सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था। स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा की गयी सटीक विवेचना एवं न्यायालय में रखे गये ठोस पक्ष के आधार पर आरोपी शेरपा को 9 मई, 2025 को 5 वर्ष की सजा दी गयी।

इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस से जारी पत्र में मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स को अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा के सफलतापूर्वक अभियोजन पूर्ण कर सजा दिलवाने की उत्कृष्ट कार्रवाई के लिये बधाई-पत्र भेजा है। इंटरपोल जिसे आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराधी नियंत्रण पुलिस संगठन कहा जाता है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो 195 से अधिक देशों ने मिलकर बनाया है। यह पूरे विश्व में पुलिस एवं अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सहयोग और अपराध नियंत्रण की सुविधा प्रदान करता है।

मध्यप्रदेश वन विभाग ने स्टेट टाइगर फोर्स का गठन केन्द्र शासन के निर्देश पर वन्य-जीवों की तस्करी की रोकथाम के लिये किया है। स्टेट टाइगर फोर्स ने विगत कुछ वर्षों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इससे पहले भी इंटरपोल द्वारा 3 बार एसटीएसएफ के कार्यों की सराहना की जा चुकी है। अपराधी ताशी शेरपा अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्करी गिरोह की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका नेटवर्क भारत, नेपाल, भूटान और चीन तक फैला हुआ है। जुलाई-2024 में सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ताशी शेरपा की जमानत याचिका को खारिज कर ट्रॉयल कोर्ट नर्मदापुरम को एक वर्ष के भीतर ट्रॉयल पूरा करने का निर्देश दिया था। स्टेट टाइगर फोर्स ने वैज्ञानिक विवेचना करते हुए ताशी शेरपा की ब्रेन-मेपिंग और पॉलीग्राफी परीक्षण करवाया, जिससे उसके विरुद्ध महत्वपूर्ण सबूत मिले। इसके अतिरिक्त साइबर डेटा भी एकत्र कर न्यायालय में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में पेश किये गये।

देश का यह पहला मामला है, जिसमें बाघ शिकारियों, कुरियर, बिचौलियों और तस्करों सहित 28 अपराधियों के गिरोह को गिरफ्तार किया गया, जिसमें सभी दोषी ठहराये गये।

उक्त प्रकरण में एक सरगना जेई तमांग उर्फ पसांग लिमी फरार है।

## लोकपथ मोबाइल ऐप की सफलता की प्रथम वर्षगांठ पर मंत्री सिंह ने दी बधाई

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित लोकपथ मोबाइल ऐप ने अपनी पहली वर्षगांठ के साथ एक सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है। बुधवार को लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में इस अवसर पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ऐप के अब तक की सफलता, नागरिकों की भागीदारी और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लोकपथ ऐप की शुरुआत विधानसभा परिसर में की गई थी। ऐप ने अपने पहले ही वर्ष में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अब तक इस ऐप पर 7800 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक का त्वरित समाधान कर दिया गया है। लगभग 1.5 लाख नागरिकों द्वारा ऐप को डाउनलोड किया जाना यह दर्शाता है कि जनता में इसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को लेकर गहरी स्वीकार्यता बनी है। ऐप की सफलता पर मंत्री श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए लोकपथ ऐप को जनभागीदारी आधारित डिजिटल गवर्नेंस का प्रभावी उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में ऐप के 5 लाख डाउनलोड सुनिश्चित करने का लक्ष्य है, जिसके लिए व्यापक जनजागरण और प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। लोकपथ ऐप को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली जब 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अभिनेता श्री अमिताभ बच्चन ने इससे संबंधित प्रश्न प्रस्तुत किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश का यह नवाचार अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन चुका है। मंत्री श्री राकेश सिंह ने बैठक में नागरिकों को और अधिक त्वरित सेवा देने के लिए नियमित समीक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निराकरण करना चाहिए। यदि समय सीमा में सड़क की मरम्मत करना संभव नहीं है तो संबंधित शिकायतकर्ता को दूरभाष पर कारण बताते हुए सुधार में लगने वाले समय की जानकारी देना चाहिए। उन्होंने प्रमुख अभियंताओं को साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करने तथा लंबित शिकायतों को लेकर लापरवाह अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा। मंत्री श्री सिंह ने सभी परिक्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं के कार्यालयों में एक-एक नोडल अधिकारी को नियुक्ति करने के निर्देश देते हुए उन्हें भोपाल में विशेष प्रशिक्षण देने की बात कही। साथ ही, ऐप से जुड़ी गूगल प्ले स्टोर टिप्पणियों पर विभागीय उत्तर देने की प्रक्रिया आरंभ करने की सिफारिश भी की गई, जिससे नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। बैठक में यह सुझाव भी आया कि नगर निगम की सड़कों को भी लोकपथ ऐप से जोड़ा जाए, जिससे नगरीय क्षेत्रों में भी सड़क समस्याओं का समाधान इसी प्लेटफॉर्म से हो सके। एनएचएआई के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों को लोकपथ से जोड़ने की प्रक्रिया पर भी विचार किया जा रहा है — जो आने वाले समय में राज्य के समग्र सड़क नेटवर्क प्रबंधन में क्रांतिकारी सुधार ला सकती है।

## एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में मध्यप्रदेश को फ्रंट रनर स्टेट का दर्जा

**भोपाल (एजेंसी)।** सतत विकास के लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर क्रियान्वित करने में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इसी क्रम में सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन में निजी उद्योग की भूमिका और सहभागिता को बढ़ाने के लिए भारत जर्मन सहयोग परियोजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा विशेषज्ञों की राष्ट्रीय कार्यशाला भोपाल के कोर्टयार्ड बाय मैरियट भोपाल में 3 जुलाई को सुबह दस बजे से आयोजित की गई है। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के विभिन्न विभाग, जिलों के प्रतिनिधियों, नीति आयोग, जर्मनी की संस्था जीआईजेड के प्रतिनिधियों से सतत विकास के लक्ष्यों और उनके स्थानीयकरण के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मध्यप्रदेश उन राज्यों में से एक है जहां सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण में तेजी आई है और एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में मध्यप्रदेश को फ्रंट रनर स्टेट का दर्जा मिला। प्रदेश में उत्पादन और जिम्मेदार पूर्ण उपभोग, स्वच्छ ऊर्जा, टिकाऊ स्वच्छता, शहरीकरण, गरीबी उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में मध्यप्रदेश में उल्लेखनीय काम हुआ है। मध्यप्रदेश के प्रयासों से 2.30 करोड़ व्यक्ति बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करते हुए मध्यप्रदेश में खाद्य सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा हासिल करने के लिए आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत के प्रावधान के लिए जल जीवन मिशन में उल्लेखनीय काम हुआ है। मध्यप्रदेश देश के उन पहले राज्यों में से एक है जिसने भोपाल शहर के लिए स्वैच्छिक स्थानीय समीक्षा की और इंदौर नगर निगम में ग्रीन म्युनिसिपल बांड के माध्यम से वित्त जुटाने में अग्रणी भूमिका निभाई। कार्यशाला में जर्मन दूतावास और यूएनडीपी के प्रतिनिधि, भारत जर्मन सहयोग परियोजना की प्रमुख श्रीमती हेनरी पेईचर्ट, नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार श्री राजीव कुमार सेन और सतत विकास लक्षण के क्रियान्वयन से जुड़े विषय विशेषज्ञ, आर्थिक सलाहकार, कॉर्पोरेट भागीदारी से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## शहडोल सांसद ने अपनी बेटी का एडमिशन शासकीय विद्यालय में कराया



भोपाल (एजेंसी)। शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने अपनी बेटी गिरीश नंदिनी सिंह का एडमिशन अनूपपुर जिले के ग्राम राजेंद्र के शासकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय में कराया है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के इस निर्णय की सराहना की। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस सकारात्मक संदेश से अन्य जन-प्रतिनिधियों एवं नागरिकों को प्रेरणा मिलेगी। जन-सामान्य में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

### पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ

# सामुदायिक पुलिसिंग स्थापित होने पर हिंसा पर लगेगा अंकुश





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी द्वारा सामुदायिक भागीदारी से अपराधों पर नियंत्रण और महिला सशक्तिकरण के लिए अनूठी पहल की जा रही है। इसके तहत गत दिवस सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मऊगंज पुलिस विभाग, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद रीवा के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किशोरियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आवश्य लेना चाहिए। इससे उन्हें किसी भी संकट से बचने के साथ आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। यह महिला सशक्तिकरण का भी प्रयास है। मऊगंज में एक किशोरी बच्चियों का सशक्त बनाने का बड़ा अच्छा अवसर है जहां 18 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मरक्षा लैंगिक सकारात्मक सोच का विकास होगा। इस दौरान सामुदायिक पुलिसिंग स्थापित होने से सामंजस्य होगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महिला बाल विकास विभाग प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी निर्मला शर्मा ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह एक समग्र सशक्तिकरण कार्यक्रम सामुदायिक स्तर पर स्वच्छंद वातावरण स्थापित करेंगे जहां सड़क में चलते हुए हिंसा होती है वहां पर हमें उस हिंसा से बचने के उपाय मौजूद होंगे जिसमें बचाव हो सकेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत रहना चाहिए। विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को आत्मरक्षा में प्रवीण होना आवश्यक है। बच्चों से जुड़कर सामुदायिक पुलिसिंग स्थापित होगी। कार्यक्रम का सफल संचालन अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा समन्वयक सुमित सिंह ने किया। सृजन कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के तहत अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने जानकारी दी।

आत्मरक्षा लैंगिक सकारात्मक कार्यों एवं नेतृत्व पल के माध्यम से किशोर और किशोरियों का सशक्तिकरण है। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश की तकनीकी सहायता से शुरू की गई एक पहल है। यह एक समग्र सशक्तिकरण कार्यक्रम है जिसे किशोर और किशोरियों को अपने समुदायों में आगे बढ़ाने और बदलाव लाने की दिशा में आत्मरक्षा आत्मविश्वास और कौशल से परिपूर्ण करने हेतु प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के माध्यम से किशोर और युवाओं की क्षमता का निर्माण करना है ताकि वे अपने अंदर विभिन्न क्षमताओं जैसे स्थिति के अनुसार खुद को तैयार करना, आत्मरक्षा कौशल और अपने आत्म सम्मान की भावना को विकसित कर सकें। यह 13 वर्ष से 19 वर्ष के बालिकाओं का प्रशिक्षण है। मास्टर ट्रेनर के रूप में सुनीता चौरसिया ने बच्चों को सेल्फ डिफेंस माड्यूल अनुसार जोड़ों करांटे की ट्रेनिंग देगी। कार्यक्रम में एसडीओपी सचि पाठक, प्राचार्य उमाशंकर सोनी, सतानंद मिश्र, डां नागेन्द्र प्रसाद मिश्र, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज टीम परिवेक्षक शांति पटेल, रामरतन मिश्रा, ब्राह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मऊगंज की बीके खुशबू बहन, बीके रूपा बहन, विद्यालय स्टाप, महिला बाल विकास विभाग के परिवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बगदरा में गौ-अभ्यारण्य की मांग तेज, कांग्रेस नेता ने सरकार पर साधा निशाना



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** बगदरा में गौ-अभ्यारण्य की स्थापना को लेकर मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने प्रदेश सरकार पर गौ-सेवा के नाम पर केवल "भावनात्मक राजनीति" करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा बगदरा गौशाला को गौ-अभ्यारण्य में बदलने के लिए किए गए भूमि पूजन के बावजूद वर्षों बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। द्विवेदी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार गौ-सेवा के प्रति गंभीर होती, तो बगदरा जैसे प्राकृतिक क्षेत्र में अब तक आदर्श गौ-अभ्यारण्य बन चुका होता। उन्होंने सरकार से तत्काल इस परियोजना को शुरू करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस जन आंदोलन छेड़ेगी।स्थानीय लोगों ने भी इस मांग का समर्थन किया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में बेसहारा गौवंश की संख्या बढ़ने से खेती को नुकसान हो रहा है। गौ-अभ्यारण्य बनने से न केवल गौवंश को आश्रय मिलेगा, बल्कि रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह मुद्दा अब पूरे विंध्य क्षेत्र की भावनाओं से जुड़ चुका है। अब देखना होगा कि सरकार इस मांग पर क्या कदम उठाती है।

## वार्ड नंबर 1 में बदहाली, पार्षद और नपा अध्यक्ष पर लापरवाही का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** वार्ड क्रमांक 1 की जनता बदहाल स्थिति से जूझ रही है, और इसके लिए स्थानीय पार्षद व नगरपालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी पर लापरवाही के गंभीर आरोप लग रहे हैं। क्षेत्र में साफ-सफाई का अभाव, टूटी-फूटी सड़कें, और जगह-जगह दलदल की स्थिति ने निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। नालियों की गंदगी और छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान न होने से वार्डवासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों की खुदाई और बुनियादी सुविधाओं की कमी के बावजूद पार्षद कोई ध्यान नहीं दे रही हैं। सूत्रों के अनुसार, जब भी निवासी अपनी शिकायतें लेकर गीता सोनी के पास पहुंचते हैं, तो उन्हें जवाब मिलता है कि वह अपने कार्यों में व्यस्त हैं। वार्ड की बदहाल स्थिति को देखते हुए सवाल उठ रहे हैं कि जब नगरपालिका अध्यक्ष स्वयं वार्ड की पार्षद हों, तो फिर हालात इतने खराब क्यों हैं? क्या ऐसे में वार्ड का विकास संभव है? यह मुद्दा अब जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुका है, और लोग ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## सतना कलेक्टर ने गंगाजल संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण कार्यों का किया अवलोकन



### पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, मनकहरी द्वारा गंगाजल संवर्धन अभियान 2025-26 के अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत नरसिंहपुर में तालाब गहरीकरण और अतरहरा में वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण किया गया। इस परियोजना का निरीक्षण 2 जुलाई 2025 को सतना कलेक्टर द्वारा किया गया। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने नरसिंहपुर पंचायत के तालाब परिसर में वृक्षारोपण कर प्रिज्म जॉनसन के सीएसआर अंतर्गत चल रहे वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। यह पहल जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रिज्म जॉनसन का यह प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में एसडीएम व सीईओ रामपुर बघेलान, सरपंच नरसिंहपुर श्रीमती शकुंतला सिंह, मनीष कुमार सिन्हा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एचआरएम), देवेंद्र मिश्रा, लंकेश सिंह, सरपंच महुरछ शमशेर बहादुर सिंह, सरपंच मातहा गंगा सिंह, सरपंच सज्जनपुर मुक्कू सिंह, प्रकाश नारायण पांडे, और संजय सिंह परिहार उपस्थित रहे।

## रेलवे माल गोदाम की सड़क बदहाल, ट्रांसपोर्टरों की मुश्किलें बढ़ीं, सांसद से हस्तक्षेप की मांग



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित माल गोदाम (गुड्स शेड) के रैक पॉइंट की बदहाल सड़क ट्रांसपोर्टरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। माल लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे ट्रांसपोर्टरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर ट्रांसपोर्टर मालिकों ने रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा से मुलाकात कर हस्तक्षेप की गुहार लगाई है।ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि रैक पॉइंट पर सड़क की कमी के कारण वाहनों को नुकसान हो रहा है। बारिश के दिनों में काली मिट्टी के कारण यह क्षेत्र दलदल में बदल जाता है, जिससे वाहन रैक पॉइंट तक पहुंचने में असमर्थ रहते हैं। कई बार ट्रांसपोर्टरों को अपने खर्च पर मिट्टी या मूरम डालकर कच्चा रास्ता बनाना पड़ता है। इससे माल की लोडिंग और अनलोडिंग में देरी होती है, जिसका सीधा असर उनकी आय पर पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने सांसद से इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि माल गोदाम की सड़क को पक्का कर उनकी परेशानियां कम की जा सकें।

## जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार ताण्डेकर को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक अनिल मिश्रा के भोपाल स्थानांतरित होने पर जिला प्रबंधक आपूर्ति निगम का प्रभार कमलेश ताण्डेकर को सौंपने का आदेश जारी किया गया है।

## रीवा के चंदई चौराहे पर जलभराव से हाहाकार, घरों में घुसा पानी, प्रशासन की उदासीनता पर सवाल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के चंदई चौराहे पर जलभराव से हाहाकार, घरों में घुसा पानी, प्रशासन की उदासीनता पर सवालरीवा। चंदई चौराहे के निवासी बारिश के बाद गंभीर जलभराव की समस्या से परेशान हैं। पानी लोगों के घरों में घुस रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है और बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा खतरे में है। स्थानीय निवासी राकेश कुशवाहा ने बताया कि नालियों की उचित व्यवस्था न होने से पानी निकलने का रास्ता नहीं है, जिसके कारण घरों में पानी भर रहा है और सामान खराब हो रहा है। उन्होंने त्योंथर एसडीएम को शिकायत दर्ज की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। निवासियों का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण हर बारिश में यही स्थिति बनती है, पर स्थायी समाधान नहीं हो रहा। लोग प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और जलभराव की समस्या के स्थायी निदान की मांग कर रहे हैं।

## रक्तदान से जीवन बचाना सच्ची मानवता : विनोद गेलानी





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिन्धु विकास समिति के तत्वावधान में रक्तदान के जरिए मानवता की सेवा का सिलसिला जारी है। समिति के अध्यक्ष व रक्त प्रेरक विनोद गेलानी ने कहा कि रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने युवाओं व मातृशक्ति को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए यह बात कही। समिति के मंत्री संजय वाधवानी ने बताया कि जून माह में 24 रक्तवीरों–प्रिया गोयल, पूजा चतुर्वेदी, तरुण हिरानी, संजय जायसवाल, मनोज अरोड़ा, प्रीत जैन, गोपी प्रसाद पांडे, मोहम्मद परवेश, जय मनचंदानी, सुनील दाहिया, दिलीप वलेचा, आनंद बांगा, दीपक कुमार, विनय सुखेजा, अमन अग्रवाल, सुधांशु कोटवानी, शरद वाधवानी, नीरज चोपड़ा, कमल आरतानी, दिलीप खिलवानी, सत्यम केसरवानी, साहिल सत्संगी, अमर कुमार और आशुतोष–ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल कायम की। समिति अब तक 6638 यूनिट रक्तदान करवा चुकी है। इस कार्य में डॉ. आलोक, मनमोहन माहेश्वरी, सुभाष बनर्जी, आकाश बनर्जी, मनीष सदानी, बंसी नागदेव, मोना चोपड़ा, राखी होतचंदानी और सुनीता सचदेव का विशेष सहयोग रहा। रक्तवीरों के इस प्रयास की सराहना करते हुए समिति के सदस्यों व समाजसेवियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सड़कों से निराश्रित गौवंश हटाने का चलाएं अभियान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वर्षाकाल शुरू होते ही निराश्रित गौवंश एवं अन्य पशु सूखे स्थान की तलाश में सड़कों में आश्रय लेते हैं। सड़कों में गौवंश बड़ी दुर्घटना का कारण बनते हैं। इसमें वाहन सवारों को नुकसान पहुंचने के साथ गौवंश को भी क्षति होती है। सड़कों से गौवंश को हटाकर वाहन दुर्घटनाओं को रोकने और गौवंश को सुरक्षित करने का उद्देश्य पूरा होगा। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले की सभी प्रमुख सड़कों से निराश्रित गौवंश को हटाने के लिए अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिले के नेशनल हाईवे के चोरहटा से मनगवां तक की सड़क, मनगवां से चाकघाट तक की सड़क तथा रीवा से सेमरिया, रीवा से गोविंदगढ़, रीवा से सिरमौर एवं रीवा से बदवार तक की सड़क से निराश्रित पशुओं को हटाने का अभियान चलाएं। नेशनल हाईवे लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मिलकर पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान चलाएं। इस कार्य में पशुपालन विभाग, नगर निगम, नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायतें सहयोग करेंगी।

### मऊगंज में कलेक्टर एसपी ने चलाया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

# पुलिस कंट्रोल परिसर में किया गया वृक्षारोपण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस क्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में समारोहपूवर्क पौधे रोपित किये। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि मऊगंज जिले के नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके लिए हर व्यक्ति सहयोग करें। कार्यालय परिसरों, आंगनवाड़ी केन्द्र, छात्रावास तथा स्कूल परिसरों में भी वृक्षारोपण किया जायेगा। हर व्यक्ति अपने पूर्वाजों की स्मृति में कम से कम एक पौधा आवश्य रोपित करें।

रोपित पौधे की उचित देखभाल कर उसे तैयार करें। धरती पर हरियाली की चादर रहेगी तभी हमें पर्याप्त पानी और सांस लेने के लिए साफ हवा मिलेगी। वृक्षारोपण सामाजिक दायित्व के साथ बहुत बड़े पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान में मऊगंज जिले के सभी पुलिस थानों और चौकियों के परिसर में वृक्षारोपण किया जायेगा। सामूहिक रूप से सर्वाजनिक स्थलों में किये जाने वाले वृक्षारोपण में भी पुलिस विभाग भागीदारी निभायेगा। विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी कम से कम एक पौधा आवश्य रोपित करेंगे। एक पेड़ माँ के नाम अभियान अपने पूर्वाजों की स्मृति को चिर स्थाई बनाने के साथ मातृ प्रेम और पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प है। सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों और आमजनता को भी इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पर्यावरण संतुलन बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह और एसडीओपी सचि पाठक वा पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर सैकड़ो पौधे रोपित किये गये।



## मऊगंज में 500 साल पुराने अष्टभुजा माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज के नईगढ़ी स्थित 500 वर्ष पुराने अष्टभुजा माता मंदिर में गुप्त नवरात्रि और हरियाली पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आषाढ़ और सावन मास के बृहस्पतिवार और सोमवार को सुबह 4 बजे से ही मंदिर के पट खुल गए, और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। विभिन्न राज्यों और जिलों से आए बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्गों ने माता के दर्शन किए। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों के मुंडन और कर्ण छेदन संस्कार प्रमुख रहे। इस अवसर पर हवन-पूजन, कथा श्रवण और वेदमंत्रों का उच्चारण हुआ। भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं ने अनुशासन बनाए रखा। कई श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया, जबकि स्थानीय समिति और ग्रामीणों ने व्यवस्था को सुचारु रखने में योगदान दिया।

## विचार

# क्यों नहीं पहुंच पातीं सरकारें घरों की दहलीज तक?

भारतीय राजनीति में महिलाओं के सशक्तीकरण की बातें खूब होती हैं। चुनावी घोषणापत्रों में उनके लिए वादे भी किए जाते हैं, परंतु चुनाव बीतते ही वायदों पर धूल की परत जम जाती है। शायद ही कोई जनप्रतिनिधि उनके दुख-दर्द को सुनने, उनकी अपेक्षाओं को समझने के लिए घर की दहलीज तक जाता हो? यह एक कड़वी सच्चाई है जिसे देश के अधिकांश राज्यों में महिलाओं ने जिया है। लेकिन तारीफ करनी होगी बिहार की जिसने इस परिपाटी को तोड़कर एक नई मिसाल कायम की है। एक ऐसा प्रदेश, जिसने दशकों तक महिलाओं को पुरुषों के निर्देशों पर मताधिकार का प्रयोग करते देखा, आज वही महिला सशक्तीकरण की एक ऐसी नई इबारत लिख रहा है, जो देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बन चुकी है। इस परिवर्तनकारी यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव %महिला संवाद% कार्यक्रम है, जिसे विगत 18 अप्रैल से प्रदेश में ग्राम स्तर पर शुरू किया गया। यह पहल केवल एक सरकारी कवायद नहीं, बल्कि महिलाओं को केंद्र में रखकर सामाजिक बदलाव को गति देने का एक सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम प्रदेश की बेटियों, माताओं और बहनों की आवाज़ को गंभीरता से सुनने, समझने और भविष्य की नीतिगत व प्रशासनिक पहलों को आकार देने का एक महत्त्वपूर्ण मंच बन गया है। यह संतोष का विषय है कि अब तक 38 जिलों में 52,468 महिला संवाद कार्यक्रमों का सफल आयोजन हो चुका है, जिसमें कुल 1 करोड़ 13 लाख से अधिक महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। यह संख्या इस बात का भी जीवंत प्रमाण है कि प्रदेश की महिलाएं अब अपनी आवाज उठाने और सरकार से सीधे जुड़ने को लेकर कितनी उत्सुक और जागरूक हैं। दरभंगा से लेकर पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चंपारण, गया, पूर्णिया, समस्तीपुर, नालंदा और वैशाली तक, हर जगह महिलाओं ने बेबाकी से अपनी बात रखी है। उन्होंने नीति-निर्माताओं को यह समझने का अवसर दिया है कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे किन प्राथमिकताओं के साथ कदम बढ़ाए जाएं। महिला संवाद की यह पृष्ठभूमि आकस्मिक नहीं है। नीतीश कुमार के कार्यकाल को ध्यान से देखें तो पता चलता है कि सबसे पहले, लड़कियों में शिक्षा की अलख जगाने पर ज़ोर दिया गया। जहां वर्ष 2000 के आसपास बिहार में लड़कियाँ सरकारी स्कूलों में कम जाती थीं, वहीं वर्ष 2006 में मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना की शुरुआत ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। इस योजना ने लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया, जिससे वे दूर-दराज के गांवों से भी साइकिल चलाकर स्कूल पहुंचने लगीं। इसकी सफलता ने देश के अन्य राज्यों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी नौकरियों में भी ऐतिहासिक कदम उठाए गए। वर्ष 2013 से पुलिस भर्ती में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। 2016 से सभी प्रकार की सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया जा रहा है, और प्राथमिक शिक्षक नियोजन में तो 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त किया गया है। महिलाओं के सशक्तीकरण और गरीबी उन्मूलन में जीविका स्वयं सहायता समूह का गठन भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर शुरू की गई जीविका ने ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए वरदान साबित हुई है। मुख्यमंत्री द्वारा इन महिलाओं को दिया गया जीविका दीदी नाम आज एक पहचान बन चुका है। वर्तमान में, बिहार में 10 लाख 64 हजार स्वयं सहायता समूह काम कर रहे हैं, जिनसे 1 करोड़ 35 लाख से अधिक जीविका दीदियाँ जुड़ी हैं। जीविका से जुड़कर ये महिलाएं लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर अपने और अपने समुदाय के जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम में प्रदेश की महिलाओं ने कई महत्त्वपूर्ण और व्यवहारिक मांगें रखी हैं, जो उनकी दूरदृष्टि और आकांक्षाओं को दर्शाती हैं। उनकी सबसे प्रमुख मांग स्वरोजगार से जुड़ी है, जिसमें स्वयं सहायता समूहों के लिए सस्ते ब्याज दरों पर ऋण और जीविका दीदी की रसोई व जीविका दीदी हाट जैसी पहल शामिल हैं।

# पीएम मोदी की अफ्रीकी व दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती, भारत की वैश्विक धमक बढ़ेगी

**जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे।**




इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं। अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा।

घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। बता दें कि घाना के राष्ट्रपति जान महामा 2015 में इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के लिए भारत आए थे। वह जनवरी 2025 में तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। चूंकि घाना भारत को बड़े पैमाने पर वस्तुओं का निर्यात करता है और पश्चिम अफ्रीका की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से वह एक है। लिहाजा दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। घाना से भारत के आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी गोल्ड की है। प्रधानमंत्री मोदी महामा के साथ द्विपक्षीय भागीदारी की समीक्षा करने के साथ ही आर्थिक, ऊर्जा, रक्षा और विकास सहयोग के जरिये इसे और मजबूत बनाने के तौर-तरीकों पर बात करेंगे।

वहीं, 3-4 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की यात्रा करेंगे। क्योंकि कैरिबियाई द्वीप में रहने वाले कुल प्रवासी भारतीयों में से 40-45 प्रतिशत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रहते हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद बिसेसर और राष्ट्रपति क्रिस्टिनी कार्ला कंगालू दोनों ही भारतीय मूल के हैं। लिहाजा प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगों की यह पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ने कहा कि वह भारत के साथ गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव साझा करता है। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा।

उल्लेखनीय है कि प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। वहीं, 1999 के बाद भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। क्योंकि पीएम मोदी ने नवंबर 2024 में गुयाना की यात्रा की थी। देखा जाए तो महज आठ माह में कैरेबियाई द्वीप की दूसरी यात्रा से इस बात का संकेत मिलता है कि भारत इस क्षेत्र को कितनी अहमियत दे रहा है। बता दें कि करीब 180 वर्ष पहले भारतीय प्रवासी यहां त्रिनिदाद एवं टोबैगो आए थे। दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 34.16 करोड़ डॉलर पहुंच गया।

वहीं, 4-5 जुलाई को पीएम मोदी दक्षिणी अमेरिकी देश अर्जेंटीना की यात्रा करेंगे। गत 57 वर्ष में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। जहां वह अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेयी से मुलाकात के दौरान रक्षा, कृषि, खनन, तेल गैस और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर बात करेंगे। अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछले साल भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान देंगे।

सनद रहे कि इससे पहले नवंबर, 2024 में ब्राजील में आयोजित जी20 समिट के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। भारत और अर्जेंटीना ने खनिज संसाधनों खास कर लीथियम के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की खपत कम करने और स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने में लीथियम की भूमिका बेहद अहम है। अर्जेंटीना भारत के लिए सोयाबीन और सूरजमुखी तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2024 में भारत अर्जेंटीना का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी और निर्यात गंतव्य था।

वहीं, 5-8 जुलाई को पीएम मोदी रियो डे जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा से मुलाकात करेंगे। समिट के बाद राष्ट्रपति सिल्वा पीएम मोदी के लिए स्पेशल डिनर की मेजबानी करेंगे। ब्रिक्स समिट में पीएम मोदी वैश्विक प्रशासन के सुधारों, शांति एवं सुरक्षा, बहुपक्षीय संस्थाओं को मजबूत करने, जिम्मेदारी के साथ एआइ के इस्तेमाल, जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए जरूरी कदमों और वैश्विक स्वास्थ्य पर बात करेंगे।

भारत की ब्रिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ब्रिक्स को उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानता है। हम मिलकर एक अधिक शांतिपूर्ण, समान, न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। ब्राजील की यात्रा ब्रासीलिया में एक द्विपक्षीय राजकीय दौरे के साथ जारी रहेगी, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा होगा।

# मध्यमवर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं।

बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।




कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके।

ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुनः ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अतः बैकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी समस्त नागरिक ले सकें।

# जनकपुर में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग, एमसीबी (छ.ग.) के द्वारा भारत सरकार की कार्ययोजना अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना अंतर्गत कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के आदेशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के.खाती के निर्देशानुसार शा.कन्या उ. मा. वि. जनकपुर वि. ख. भरतपुर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में शा.कन्या उ. मा. वि. जनकपुर के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, अनिल कुमार रजवाड़े खेल प्रभारी पूजा राव प्रभारी परियोजना अधिकारी जनकपुर वि. ख. भरतपुर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं समस्त कर्मचारियों ने अपनी पूर्ण सहभागिता दिखाई। मास्टर ट्रेनर प्रभावती मैडम के द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अलावा जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा के द्वारा साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सखी वन स्टॉप सेंटर 181, चाइल्ड लाइन 1098, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वंदन योजना,सखी निवास, शक्ति सदन, आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान किया गया। समस्त कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता समन्वय अनीता कुमारी साह




ने भी बक के योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में बालिकाओं को न केवल शारीरिक आत्मरक्षा की तकनीकी सिखाई जा रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत किया जा रहा हैं।




## पटपरटोला, गड़वार, तिलौली व सनबोरा स्कूलों का निरीक्षण





### शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु शिक्षकों को दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय पटपरटोला, गड़वार, हाई स्कूल तिलौली तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सनबोरा का विगत 02 जुलाई 2025 को निरीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था और विशेष रूप से शैक्षिक स्तर का आकलन किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि कुछ बच्चों की विषयवस्तु को समझने की गति अपेक्षाकृत धीमी है, जिसे देखते हुए संबंधित शिक्षकों को ऐसे बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए ताकि वे भी सहज रूप से शिक्षण प्रक्रिया से जुड़ सकें और उनकी समझ में निरंतर सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान बच्चों के बीच रोचक गतिविधियों के माध्यम से विषयवस्तु को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाने की पहल की गई जिससे छात्रों में सीखने के प्रति उत्साह देखा गया। साथ ही शिक्षकों को सुझाव दिया गया कि वे नियमित रूप से पाठ्य योजना तैयार कर स्वयं अध्ययन करते हुए कक्षा में आएं तथा पढ़ाई को बच्चों की स्थानीय भाषा, स्थानीय वस्तुओं और स्थानों से जोड़ते हुए व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाएं ताकि बच्चों के लिए शिक्षा अधिक जीवंत और ग्राह्य बन सके। यह निरीक्षण न केवल शैक्षिक गुणवत्ता की समीक्षा का अवसर बना बल्कि शिक्षकों को नवाचारों के साथ अध्यापन के प्रति प्रेरित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी सिद्ध हुआ।

#### जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हुआ संपन्न, शिक्षा के क्षेत्र में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ आत्मीय स्वागत

# 'बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य हैं, उन्हें बेहतर शिक्षा देना हमारी पहली प्राथमिकता'

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में शिक्षा को नई दिशा देने और नवप्रवेशी विद्यार्थियों को प्रेरणा देने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, जिसने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर, लड्डू खिलाकर आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्कूल बैग, ड्रेस तथा कॉपियाँ भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबोधित करते हुए जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना की जानकारी दी और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी थी, वहां नए शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और जल्द ही इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। मंत्री श्री जायसवाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि यह



केवल जिले की नहीं बल्कि पूरे राज्य की चुनौती थी कि कई विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी थी। राज्य सरकार ने युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत अधिकांश विद्यालयों में दो से तीन शिक्षकों की नियुक्ति कर शिक्षा को सशक्त बनाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना कोई समाज पूर्ण नहीं होता और भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा जैसे तक्षशिला और नालंदा हमारी गौरवशाली धरोहर हैं, जिन्हें पुनर्जीवित करना हम सबकी प्राथमिकता है। उन्होंने भारत के चंद्रयान मिशन, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत 2047 की संकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना हमारी नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है जिसके लिए हर स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है और शिक्षा सहित अन्य बुनियादी ढांचे को युक्तियुक्तकरण के माध्यम से मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री जायसवाल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ भोजन कर उनके प्रति स्नेह और अपनत्व का भाव प्रकट किया, विशेषकर कक्षा एक की छात्रा आकृति भंडारी के साथ भोजन कर आत्मीय संबंध का परिचय दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि श्री सरजू यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष झगराखांड श्रीमती रीमा यादव, खोंगापानी नगर पंचायत अध्यक्ष ललिता रामा यादव, लखन श्रीवास्तव, जमुना पांडेय, राहुल सिंह, दिनेश्वर मिश्र, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



## प्लास्टिक मुक्त ग्रामों की दिशा में एक ठोस कदम मनेंद्रगढ़ में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में एमसीबी जिले की जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत अमृत सदन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के संचालन और संधारण को लेकर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छाग्राही बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन और इसके पृथक्करण की व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी देना रहा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों, उनके पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और इनके वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण की विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने प्लास्टिक के विभिन्न प्रकारों की पहचान, उन्हें श्रेणियों में बांटने तथा इनके सुरक्षित सेग्रीगेशन के उपायों को सरल भाषा में समझाया। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि कैसे समुदाय की सहभागिता से ग्रामों को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को परसगढ़ी स्थित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का भ्रमण कराया गया जहां उन्होंने यूनिट के संचालन की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सीखा कि प्लास्टिक कचरे को संग्रहित कर किस प्रकार पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं में परिवर्तित किया जा सकता है। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने मशीनों की कार्यप्रणाली, श्रमिकों की भूमिका, और प्लास्टिक प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया की बारीकियों को समझा तथा ग्राम पंचायत स्तर पर इसे लागू करने की रूपरेखा पर विचार किया। इस आयोजन से प्रतिभागियों में प्लास्टिक प्रबंधन को लेकर जागरूकता और उत्साह देखने को मिला जो आने वाले समय में स्वच्छ और टिकाऊ ग्राम निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यशाला का आयोजन न केवल प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के तकनीकी पक्ष को मजबूत करने की दिशा में सार्थक पहल रही बल्कि यह ग्रामीण स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी सशक्त बनाने वाला कदम रहा।

## कलेक्टर अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति पर महत्वपूर्ण बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में 04 जुलाई 2025 को सायं 5.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई, सड़क सुरक्षा के प्रभावी उपायों और शांति व्यवस्था को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि और समय पर अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## गरुडोल और पेंडरी में कृषि सखी द्वारा किसान पाठशाला का किया गया आयोजन









### जैविक खेती और बीज उपचार पर किसानों को मिली अहम जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले की विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत गरुडोल और ग्राम पंचायत पेंडरी में कृषि सखी के नेतृत्व में किसान पाठशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। इस पाठशाला का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और जैविक खेती के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान कृषि सखी द्वारा किसानों को जैविक खेती के लाभ, बीज उपचार की विधि, नर्सरी बेड की तैयारी, फसल की प्रारंभिक देखरेख तथा पर्यावरण अनुकूल खेती की तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि किस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में कृषि विभाग के ग्राम सेवक की उपस्थिति में किसानों को मूंगफली एवं रागी के बीजों का निःशुल्क वितरण भी किया गया, जिससे क्षेत्र में तिलहन और मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह आयोजन न केवल किसानों के ज्ञान में वृद्धि का माध्यम बना, बल्कि उन्हें परंपरागत कृषि से हटकर नवीन, सशक्त और सतत कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया।

## प्रदेश के शहरी मार्गों पर 582 इलेक्ट्रिक बस चलाने की योजना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देने के लिये मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 तैयार की गई है। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर में छूट और अनुदान दिये जाने की भी व्यवस्था की गई है। प्रदेश के बड़े शहरों में सार्वजनिक परिवहन सेवा के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बस सेवा को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में इंदौर में शहरी मार्गों पर 80 इलेक्ट्रिक बसों को संचालन किया जा रहा है। फेम योजना के अंतर्गत 40 और अमृत योजना 1.0 में 40 बसें संचालित हो रही हैं।ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत 6 शहरों में 582 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिये प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था, जिसे केन्द्रीय शहरी मंत्रालय नई दिल्ली से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर में 150, भोपाल में 100, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 100, सागर में 32 एवं उज्जैन में 100 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने का प्रस्ताव है। प्रदेश के 6 शहरों में बस संचालन के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा निविदा जारी कर बस संचालकों का चयन किया जा चुका है। पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये भी प्रस्ताव तैयार किया गया है, इसमें 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा और शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदाय की जायेगी। इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग अधोसंरचना निर्माण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा 100 प्रतिशत राशि प्रदान की जायेगी। नगरीय निकायों द्वारा बस डिपो एवं चार्जिंग स्टेशन निर्माण के लिये प्राक्कलन तैयार कर राज्य स्तरीय संचालन समिति से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। अनुमोदन के बाद प्रस्ताव केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा गया है। भोपाल एवं जबलपुर शहर द्वारा बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये निविदा जारी की जा चुकी है। प्रदेश के शहरों में लाइट इलेक्ट्रिक व्हीकल के संचालन को बढ़ावा देने के लिये भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर शहर में 34 चार्जिंग स्टेशन पर 190 चार्जिंग पाइंट लगाये गये हैं।

## व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल शहर अंतर्गत विद्युत संबंधी प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने मंगलवार को राजधानी भोपाल के साकेत नगर तथा बरखेड़ा पठानी क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ता हितों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा रखरखाव कार्य को समय पर करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक श्री सिंघल ने विद्युत हानि कम करने तथा बारिश के दौरान होने वाले विद्युत व्यवधान को लेकर अधिकारियों से चर्चा की तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए फ्यूज ऑफ कॉल (विद्युत अवरोध को दूर करना) समय पर अटेण्ड करने के निर्देश दिए हैं। प्रबंध संचालक ने कहा है कि कंपनी के समस्त मैदानी अधिकारी अथवा कार्मिक अपने मोबाईल फोन को 24 घंटे चालू रखें और उपभोक्ताओं के आने वाले फोन अटेंड करें। बिजली उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो। प्रबंध संचालक ने कॉल सेन्टर 1912, व्हाट्सएप चैटबोट तथा स्थानीय वाट्सएप ग्रुप एवं अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली विद्युत संबंधी शिकायतों का तत्काल समाधान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# सरकारी नौकरी की खुशी चेहरों पर झलकी



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के भौतिक परीक्षण की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई। शासकीय सेवा में नियुक्ति का सपना साकार होने की संतुष्टि और उल्लास चयनित अभ्यर्थियों के चेहरों पर साफ झलक रहा था। पहले दिन कुल 22 अभ्यर्थियों ने आत्मविश्वास और प्रसन्नता के साथ दस्तावेज परीक्षण में भाग लिया।

दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थी नियत समय पर आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित हुए और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए परीक्षण संपन्न कराया। दस्तावेज परीक्षण की यह प्रक्रिया आगामी 3 जुलाई तक प्रतिदिन जारी रहेगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी।

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दस्तावेज परीक्षण के पहले दिन कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं सिविल लाइन परिचारक (प्रशिक्षु) पदों के लिए चयनित 22 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का परीक्षण कराया। उन्होंने बताया कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे, जिससे चयनित अभ्यर्थी समय पर विभाग की सेवा में योगदान दे सकें।

## कोविड के बाद अचानक मौतों पर स्टडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने अपनी स्टडी में बताया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। स्टडी में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइडइफेक्ट के मामले रेयर हैं।

## सवालों पर भड़ उठो सीएम सिद्धारमैया

**चिकबल्लापुर (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि वे पूरे पांच साल तक श्टरूपद पर बने रहेंगे। चिकबल्लापुर में मीडिया ने जब उनसे पूछा कि क्या वे पांच साल तक सीएम रहेंगे, इसके जवाब में दिग्गज नेता ने कहा, हां, मैं रहूंगा। आपको इसमें संदेह क्यों है? भाजपा और जेडी(एस) के इस दावे पर कि सीएम को बदला जाएगा, सिद्धारमैया ने पलटवार करते हुए कहा- क्या वे हमारे हाईकमान हैं।

उन्होंने पूछा, आर अशोक, बीवाई विजयेंद्र, चलवडी नारायणस्वामी भाजपा के आदमी हैं। अगर वे ऐसी बातें कहते हैं तो क्या आप लिखेंगे। आपको इसकी पुष्टि करनी चाहिए या नहीं। इधर, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है और वे सिद्धारमैया का साथ देंगे। उनका समर्थन करेंगे। डीके ने संकेत दिया कि उनके पास सिद्धारमैया का साथ देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसके पहले भी शिवकुमार ने कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस में कोई असंतोष नहीं है और जब सिद्धारमैया मुख्यमंत्री हैं, तो नेतृत्व के मुद्दे पर किसी तरह के विवाद की कोई जरूरत नहीं है। पार्टी अनुशासन महत्वपूर्ण है, मैंने किसी से खुद को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है। शिवकुमान ने यह चेतावनी भी दी कि सीएम बदलने के मुद्दे पर सार्वजनिक बयान देने वाले नेताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। मई 2023 में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी, और कांग्रेस ने बाद में उन्हें मनाने में कामयाबी हासिल की और उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया।

## संसद सुरक्षा चूक केस में दिल्ली हाईकोर्ट से 2 आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद की सिक्योरिटी तोड़ने के मामले में नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी। कोर्ट ने बुधवार को उन्हें 50 हजार रुपए के निजी बॉण्ड पर जमानत दे दी। मंजूर की गई। निचली अदालत ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने जमानत आदेश के तहत सख्त शर्तें भी लगाई हैं। आरोपियों को प्रेस कॉन्फ्रेंस करने, इंटरव्यू देने या घटना के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा दोनों व्यक्तियों को हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 10ः00 बजे संबंधित पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने और दिल्ली एनसीआर से बाहर न जाने का भी निर्देश दिया है। पुलिस बोली- आरोपी प्रभावशाली, कोर्ट ने कड़ी जमानत शर्तें लगाईं दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त और पुख्ता सबूत हैं।

पुलिस का तर्क था कि जमानत देने से इनके भागने, गवाहों को प्रभावित करने और सबूतों से छेड़छाड़ करने का जोखिम है। पुलिस ने आरोपियों को शक्तिशाली और प्रभावशाली बताते हुए कहा कि इनकी रिहाई जांच में बाधा डाल सकती है।

## जैसलमेर की सड़क पर उतरे सेना के हेलिकॉप्टर



**जैसलमेर (एजेंसी)।** इसी सवाल का जवाब ढूंढने के लिए भारतीय सेना ने आज जैसलमेर में युद्धाभ्यास किया। जहां चीता और चेतक हेलिकॉप्टर सहित अन्य लड़ाकू हेलिकॉप्टर सड़क पर उतरे और आतंकियों को खत्म कर वापस हेलिकॉप्टर में चढ़कर उड़ान भरी। इसे हेलिबॉर्न ऑपरेशन कहा जाता है।राजस्थान के थार इलाके में भारतीय सेना की दक्षिणी कमांड ने हाई-इंटेंसिटी युद्धाभ्यास किया गया, जिसमें युद्ध के हर पहलू को व्यावहारिक स्तर पर परखा गया। इस अभ्यास में सेना के टैंक भी शामिल हुए और टारगेट को सफलतापूर्वक नष्ट किया। इस दौरान एक खास तरीके की सर्जिकल स्ट्राइक की भी एक्सरसाइज की गई। इस एक्सरसाइज में सैनिकों ने लड़ाकू हेलीकाप्टर से जमीन पर उतरने का अभ्यास किया। इसके साथ ही आतंकियों को खत्म कर वापस हेलीकाप्टर में चढ़कर उड़ान भरी।

## पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल 3 घंटे हिरासत में रहे

**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब में आय से अधिक संपत्ति केस में पकड़े गए पूर्व मंत्री व सीनियर अकाली नेता बिक्रम मजीठिया की रिमांड बढ़ा दी गई है। विजिलेंस ने मोहाली कोर्ट में बताया कि जांच के दौरान कई अहम सवालों पर मजीठिया सहयोग नहीं कर रहे हैं। एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें अब पंजाब से बाहर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ले जाकर पूछताछ करनी पड़ सकती है। करीब 4 घंटे चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने चार दिन का रिमांड मंजूर कर लिया और अगली पेशी 6 जुलाई को होगी। इस दौरान अदालत परिसर को पूरी तरह घेरा गया था। मीडिया को दूर रखने के लिए जहां गाड़ियों की बैरिकेडिंग की गई, वहीं कोर्ट के चारों ओर तिरपाल लगाकर हर दिशा से दृश्यता बंद कर दी गई।

इससे पहले कोर्ट में पेशी के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया था। मजीठिया की गिरफ्तारी के विरोध में अकाली दल के प्रधान व पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल समर्थकों संग मोहाली पहुंच गए। कोर्ट की तरफ आते देख पुलिस ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इस दौरान सुखबीर बादल और पंजाब पुलिस के अधिकारियों से

## सोनम के दो मंगलसूत्र पुलिस को मिले

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने नया दावा किया है। विपिन का कहना है कि जब मेघालय पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था, तब उन्हें बताया गया कि सोनम के पास से दो मंगलसूत्र मिले हैं। इनमें से एक मंगलसूत्र वह है जो हमारे परिवार ने सोनम को शादी के समय दिया था, लेकिन दूसरा मंगलसूत्र कहां से आया, इसकी जानकारी नहीं है। हो सकता है जब सोनम राजा की मौत के बाद इंदौर में रुकी थी, तब उसने और राज कुशवाह ने शादी कर ली हो और ये दूसरा मंगलसूत्र उसी का हो सकता है। सोनम और राजा की शादी 11 मई को इंदौर में हुई थी। वे 21 मई को हनीमून के लिए असम के गुवाहाटी से होते हुए मेघालय पहुंचे थे। 23 मई को पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा में नोंगरियाट गांव से लापता हो गए थे। राजा का क्षत-विक्षत शव 2 जून को वेइसाडोंग फॉल्स के पास एक घाटी में मिला था। सोनम 9 जून को यूपी के गाजीपुर में मिली थी। विपिन ने बताया कि पुलिस को सोनम के पास से पांच जोड़ी बिछुड़ी और पायजेब भी मिले हैं। ये गहने उनके परिवार ने नहीं दिए थे, यानी ये सोनम के पास पहले से रहे होंगे या किसी और ने दिए होंगे। उन्होंने कहा कि ये सब चीजें पुलिस की जांच में मदद कर सकती हैं। विपिन रघुवंशी ने बताया कि जब पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था।

## 8 हजार घर गिराएगी हरियाणा सरकार

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** हरियाणा के फरीदाबाद में सरकार ने एलिवेटेड फ्लाईओवर के लिए 8 हजार मकानों को खाली कराकर गिराने की तैयारी कर ली है। इसके लिए बाकायदा पुनर्वास विभाग की तरफ से इन मकानों में रहने वालों को नोटिस भेज दिया गया है। इस नोटिस में लोगों को 10 जुलाई तक का ही समय दिया गया है। उन्हें चेतावनी भी दी गई है कि यदि निर्धारित समय सीमा में मकान खाली नहीं किया गया तो 10 जुलाई के बाद विभाग स्वयं कब्जा खाली करा लेगा। उधर, नोटिस मिलने के बाद से इन 8 हजार मकानों में बसे लोगों को छत छिनने का डर सताने लगा है। उनका कहना है कि वे पिछले करीब 50 साल से यहां रह रहे हैं। चुनाव में वोट भी करते हैं, अगर सरकार घर छीन लेगी तो वे कहां जाएंगे? उधर, बड़खल से विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि वे किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देंगे।

## 3 किलोवॉट रूफटॉप सोलर लगाने पर 78 हजार रूपये की मिलेगी सब्सिडी-एमडी बैंस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एमपीयूवीएनएल) के एमडी श्री अमनवीर सिंह बैंस ने कहा है कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर बेहतरीन कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रधानमत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिये शासन प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर शासन द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। एमडी श्री बैंस ने जनता से अपील की है कि पीएम सूर्य घर पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन करें। प्रदेश में लगभग 850 वेंडर इस कार्य में संलग्न किये गये हैं, आवेदक स्वयं उसमें से आप वेंडर का चयन कर सकते हैं। इस प्रकार प्रदेश के क्लीन एनर्जी (स्वच्छ ऊर्जा) के क्षेत्र में सहभागिता सुनिश्चित कर प्रदेश को अव्वल बनाने में अपना योगदान दें। एमडी श्री बैंस ने बताया कि मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और नॉलेज पार्टनर काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर ने साथ मिलकर मंगलवार को पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के तहत मध्यप्रदेश में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिये कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें मीडिया को राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों, इसमें मौजूद संभावनाओं और मध्यप्रदेश को सौर ऊर्जा संपन्न बनाने के प्रयासों की जानकारी दी गई।

एमडी श्री बैंस ने कार्यशाला में सौर ऊर्जा को लेकर सरकार के विजन, प्रदेश की सौर ऊर्जा नीति, पीएम सूर्य घर पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया और प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने में की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत आवासीय घरों की छतों पर सोलर लगाने का प्रावधान किया गया है। इसमें पहले दो किलोवॉट के लिए प्रति किलोवाट 30 हजार रुपये और तीसरे किलोवॉट के लिए 18 हजार रुपये सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। इस तरह से तीन किलोवाट के रूफटॉप सोलर के लिए कुल 78 हजार रुपये की सब्सिडी उपलब्ध हैं। पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर के लाभों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, इस योजना के बहुत सारे लाभ हैं। इस प्रोजेक्ट से ग्रिड पर उपभोक्ता की निर्भरता कम होती है।

## यूपी के कांवड़ियों का ट्रक टिहरी में पलटा...3 की मौत

**टिहरी (एजेंसी)।** यूपी के कांवड़ियों का ट्रक उत्तराखंड में पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, 14 घायल हैं। शिव शक्ति कांवड़ सेवा ट्रस्ट के लोग कांवड़ियों के लिए भंडारा लगाने जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे नरेंद्र नगर के पास ऋषिकेश-टिहरी मार्ग पर जाजल फकोट के पास ट्रक पलट गया। सभी 21 लोग ट्रक के नीचे दब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक सड़क किनारे पलटा था, अगर खाई में गिर जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस और स्क्षत्र्न की टीम मौके पर पहुंची है। रेस्क्यू अभियान चलाकर बचाव कार्य में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र नगर संजय मिश्रा ने बताया- एक चार साल का बच्चा भी ट्रक में आगे फंसा था, जिसको पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

## अरविंद केजरीवाल पर सीएम रेखा गुप्ता ने किया कटाक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में जीर्णोद्धार के बाद शीश महल का उद्घाटन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एक शीश महल जनता के पैसे से अपनी अय्याशी के लिए बनाया गया था, जबकि आज जिस शीश महल का उद्घाटन हो रहा है, वह जनता के लिए, जनता के द्वारा और जनता के प्रतिनिधियों द्वारा उन्हें सौंपा गया है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का विशेष धन्यवाद किया। ऐतिहासिक धरोहरें मिट्टी में दबी पड़ी थीं, लेकिन आज उन्हें फिर से जीवंत किया गया है। उन्होंने कहा, मैं जनता को एक सुंदर शीश महल बनाकर सौंप रही हूं। अब इसकी देखरेख करना हमारे क्षेत्रवासियों का फर्ज है। रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि हर विधानसभा में आज विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार को एलजी से बहुत तकलीफ थी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वर्षों से हमारी इस विधानसभा में कभी किसी ने भी झांककर भी नहीं देखा। आखिरी बार जहां पर अगर कोई मुख्यमंत्री इस विधानसभा में आया था तो वह साहिब सिंह वर्मा थे।

## पटना में पुलिस ने छात्रों पर किया लाठीचार्ज



**पटना (एजेंसी)।** सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल और पारदर्शिता लागू करने की मांग कर रहे छात्रों पर बुधवार को पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। कुछ पुलिस वालों के पास लाठियां नहीं थीं। उन्होंने छात्रों को लात-घूंसों से पीटा।

पटना कॉलेज से छात्रों का प्रदर्शन सुबह शुरू हुआ था। सभी सीएम हाउस का घेराव करने निकले थे। पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोका था। डाकबंगला चौराहे पर छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर आगे जाने की कोशिश रहे थे। पुलिस ने समझाया, लेकिन वो नहीं माने। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी होती रही। बारिश के बीच भी छात्र डटे रहे। शाम करीब 5 बजे के आसपास पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। मौके पर वाटर कैनन की गाड़ियां भी मंगवाई गई हैं। इस दौरान छात्रों ने भाजपा के सांसद की गाड़ी के सामने नारेबाजी भी की। राज्य के अलग-अलग जिलों से स्टूडेंट्स अपनी मांगों को लेकर पटना पहुंचे हैं। 5 जून को भी छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया गया था।

# शुभमन में दिखी विराट की झलक





**बर्मिंघम ( एजेंसी )।** भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी कप्तानी संभालने के बाद एकदम से बदली नजर आ रही है। जिस प्रकार उन्होंने अब तक दोनो ही मैचों में शतक लगाये हैं उससे सभी हैरान हैं। एजबेस्टन टेस्ट में शतक पूरा करने के बाद शुभमन ने जिस अंदाज में जश्न मनाया उससे उनमें विराट कोहली की झलक दिखी। उन्होंने हेलमेट हवा में उठाया, भीड़ की ओर झुककर अभिवादन किया, बल्ले को चूमा और जोरदार गर्जना की। कुछ लोगों को इससे देखकर विराट की भी याद आ गई। विराट ने इसी मैदान पर कप्तान के तौर पर साल 2018 के दौरे में शानदार शतक लगाया था। उसके बाद विराट ने जिस आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। वैसा ही कुछ शुभमन ने भी किया। शुभमन की सफलता भारतीय क्रिकेट के लिए भी एक नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। शुभमन ने नंबर-4 पर आकर उस समय पारी को संभाला, जब भारत ने शुरुआत में ही विकेट खो दिये थे और टीम दबाव में थी। वह अब उन बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट मैचों में शतक लगाया है। इससे पहले यह कारनामा दिलीप वेंगसरकर, मोहम्मद अजहरुद्दीन और राहुल द्रविड़ ने किया था। शुभमन की पारी से ही भारतीय टीम पहले दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 310 रन बना पायी।

## शुभमन लगातार दो टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे कप्तान बने

**बर्मिंघम ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी शतक लगाकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। शुभमन ने कठिन हालातों में कप्तान के तौर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पहली पारी में ये शतक लगाया जिससे भारतीय टीम संभल गयी। ये कप्तान के तौर पर यह उनका दूसरा और कुल मिलाकर सातवां टेस्ट शतक रहा। पहले टेस्ट में भी उन्होंने शतक लगाया था। शुभमन ने इसके साथ ही एक से अधिक रिकार्ड भी अपने नाम किये हैं। शुभमन अब इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले कप्तान बन गये हैं। वहीं इससे पहले केवल विजय हजारे औरर अजहरुद्दीन के नाम ही कप्तान के तौर पर लगातार दो मैचों में शतक हैं। इस प्रकार वह लगातार दो शतक लगाने वाले तीसरे टेस्ट कप्तान बने हैं। इसके अलावा शुभमन अब अपने पहले दो टेस्ट मैच में शतक लगाने के मामले में विराट कोहली, विजय हजारे और सुनील गावस्कर के क्लब में शामिल हो गये हैं।

## भारतीय टीम को आक्रामक गेंदबाजी करनी होगी : पनेसर

**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर ने कहा है भारतीय टीम अगर दूसरे टेस्ट के साथ ही सीरीज भी जीतना चाहती है तो उसे अपनी रणनीति पर ध्यान देना होगा। इसके लिए उसके गेंदबाजों को आक्रामक रुख अपनाते हुए नई गेंद से विकेट लेने होंगे। पनेसर ने कहा कि मेजबान टीम पहले 10 ओवर में बहुत धीरे-धीरे खेलती है क्योंकि गेंद स्विंग करती है। वहीं जब गेंद में तेजी नहीं रहती तो वह तेजी से रन बनाती है। इसलिए वे जो कर रहे हैं वह यह है कि वे ज़्यादा सूझबूझ से आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को भी आक्रामक रवैया अपनाते हुए विकेट लेने चाहिये।

## संक्षिप्त समाचार



### अब तन्वी की नजरें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप पर लगीं

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा अब अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने की तैयारी करेंगी। इसके लिए वह गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। ये टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी। तन्वी ने हाल ही में हाल ही में बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रजत पदक जीता था। तन्वी को बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन के महिला एकल के फाइनल में अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। विश्व में 66वें स्थान पर कायम तन्वी इसके बाद जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने प्रदर्शन से उसने सभी को हैरान किया है। उसने इस दौरान अपने से उंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। तन्वी ने पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया है। इस दौरान उसे भारत की कुछ शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अभ्यास का अवसर मिला जिससे उसका कौशल भी बेहतर हुआ। इस दौरान तन्वी को अपने परिवार का भी पूरा सहयोग मिला।

## अगले सत्र में रॉयल्स की जगह सीएसके से खेल सकते हैं सैमसन



**मुम्बई ( एजेंसी )।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन आईपीएल के अगले सत्र में राजस्थान रॉयल्स की जगह पर चेन्नईसुपरकिंग्स (सीएसके) से खेलते नजर आ सकते हैं। सैमसन ने 18 वें सत्र में रॉयल्स की कप्तानी की थी पर टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में अब रॉयल्स आईपीएल के अगले सत्र के लिए नये सिरे से टीम बनाने जा रही है। वह तकरीबन आधे खिलाड़ी बदलने पर विचार कर रही है। रॉयल्स ने अब तक किसी का नाम नहीं बताया है पर जिन खिलाड़ियों के लिए ट्रेड-ऑफ की मांग सबसे अधिक होगी, उनमें से एक सैमसन हो सकते हैं। ऐसे में सैमसन और रॉयल्स की टीम आपसी सहमति से अलग हो सकते हैं। वैसे भी टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में एक अच्छा विकेटकीपर बल्लेबाज है। आईपीएल में अभी दो टीमों को अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाज की जरूरत है। इसमें सीएस के और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है। सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी के अगले आईपीएल में खेलने पर संशय बना हुआ है। गौरतलब है कि आईपीएल के अगले सत्र को देखते हुए ट्रेडिंग विंडो बाद चार जून से ही शुरू हो गई थी और यह 2026 के खिलाड़ियों की नीलामी की तारीख से एक सप्ताह पहले तक जारी रहेगी। खिलाड़ियों की नीलामी समापत होने के बाद विंडो फिर से खुलेगी और अगले सत्र की शुरुआत से ठीक एक महीने पहले बंद हो जाएगी। ट्रेड-ऑफ कई तरह के होते हैं। इसमें टीमों की आपसी सहमति के बाद एक ही कीमत पर खिलाड़ियों की अदला-बदली होती है। इसमें अधिक कीमत वाले खिलाड़ी को रखने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि मिलती है, वहीं एकतरफा नकद सौदा भी होता है इसमें एक फ्रेंचाइजी नीलामी से पहले अपने पर्स को बढ़ाने के लिए खिलाड़ी को बेचती है। ''इसमें सबसे अहम बात यह है कि हर टीम अपनी टीम को मजबूत करने वाली किसी भी चीज के लिए तैयार रहती है।
सैमसन पिछले कई वर्षों से राजस्थान टीम का अहम हिस्सा रहे है पर कप्तान के तौर पर रियान पराग के सामने आने के बाद उनके लिए टीम में बने रहना आसान नहीं होगा। पिछले सत्र में जब सैमसन चोटिल थे जब पराग ने टीम की कमान संभाली थी।

## दिल्ली प्रीमियर लीग की नीलामी में शामिल होंगे ऋषभ, इशांत जैसे सितारे

### लीग में दो नई फ्रेंचाइजी जुड़ीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र के लिए नीलामी की दौड़ में ऋषभ पंत, इशांत शर्मा, प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने इस सत्र के लिए दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ी हैं। इसमें आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए, वही नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा है। इससे अब इस लीग में टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ पहुंच गई है। वहीं इसमें पहले से ही सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस जैसी टीमें शामिल हैं। दूसर सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों क्रिकेट टीम के लिए नीलामी 6 जुलाई को होगी, वहीं महिला क्रिकेट टीम के लिए नीलामी 7 जुलाई को होगी।
सबसे महित्वपूर्ण बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे भी शामिल हैं। डीपीएल से ही प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं उभरीं हैं। ऐसे में भविष्य के सितारों के लिए ये लीग और भी अहम हो जाती है।

## सोने में तेजी, चांदी में नरमी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी रही जबकि चांदी के वायदा कारोबार में नरमी रही। घरेलू बाजार में आज सोने की कीमतें 97,450 रुपये जबकि चांदी 1,07,450 रुपये के करीब रही। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई पर कुछ समय में ही ये नीचे आने लगा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध गिरावट के साथ ही 97,389 रुपये के भाव पर पहुंच गया जबकि ये गत दिवसस 97,390 रुपये बंद हुआ था। आज यह अनुबंध 60 रुपये की तेजी के साथ ही 97,450 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,500 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,389 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल कर लिया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे चांदी की चमक पड़ी फीकी चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का सितंबर अनुबंध आज 107 रुपये टूटकर 1,07,411 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,07,518 रुपये था। ये अनुबंध 61 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,457 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,0,7,457 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,07,313 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना चांदी की कीमतें शुरुआती तेजी के बाद नीचे आने लगीं। कामेक्स पर सोना 3,369 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,359.70 डॉलर प्रति औंस था। वहीं चांदी के वायदा भाव 36.79 डॉलर के भाव पर खुले। इस पिछला बंद भाव 36.72 डॉलर था।

## भारतीय शेयर बाजार मे रही बढ़त



**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी से आया है। आज सुबह कारोबार के दौरान आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टर में खरीदारी रही। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 68.28 अंक करीब 08 फीसदी बढ़कर 83,477.97 पर कारोबार कर रहा था जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 19.30 अंक तकरीबन 0.08 फीसदी उछलकर 25,472.70 पर पहुंच गया। बाजार जानकारों के अनुसार आज वीकली डेरिवेटिव एक्सपायरी है, इसलिए सामान्य से अधिक अस्थिरता देखी जा सकती है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 9.90 अंक करीब 0.02 फीसदी टूटकर 56,989.30 पर था। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 22 अंक या 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ ही 59,645.25 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 7.75 अंक तकरीबन 0.04 फीसदी टूटकर 18,969.35 पर था। सेंसेक्स के शेयरों में शामिल कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, बीईएल, टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई, एचसीएल टेक और आईटीसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे जबकि एशियन पेंट्स, एमएंडएम, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। वहीं गत दिवस विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अपनी बिकवाली जारी रखते हुए 1,561.62 करोड़ रुपए के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 3,036.68 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। एशियाई बाजारों में बैंकॉक, चीन, जापान, सोल और जकार्ता के बाजार ऊपर आये। वहीं हांगकांग के बाजार में गिरावट रही। अमेरिकी बाजारों में गत कारोबारी सत्र में डॉव जोन्स में 10.52 अंक की गिरावट रही और ये 44,484.42 पर बंद हुआ। वहीं एसएंडपी 500 इंडेक्स 29.41 अंक बढ़कर 6,227.42 पर बंद हुआ और नैस्डैक 190.24 अंक बढ़त के साथ ही 20,393.13 पर बंद हुआ।

## राष्ट्रीय टीम के अलावा इंग्लैंड में खेल रहे वैभव, तिलक सहित अन्य क्रिकेटरों पर भी रहेंगी गंभीर की नजरें

**लंदन ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के साथ ही अंडर-19 टीम भी अभी इंग्लैंड दौरे पर है। इसके अलावा टीम से बाहर चल रहे कई युवा क्रिकेटर यहां काउंटी में खेल रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजरें मुख्य टीम के अलावा यहां खेल रहे अन्य खिलाड़ियों पर भी रहेंगी। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय अंडर 19 टीम में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी सहित कई उभरते हुए क्रिकेटर हैं। इसे अलावा तिलक वर्मा, ईशान किशन सहित कई अन्य युवा खिलाड़ी काउंटी में खेल रहे हैं। काउंटी चैंपियनशिप में हैम्पशायर की ओर से खेल रहे तिलक का अब तक का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। पिछली बार एसेक्स के खिलाफ शानदार शतक लगाने के बाद इस क्रिकेटर ने वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ 56 रन बनाये। तिलक भारतीय टी20 टीम के सदस्य हैं पर टेस्ट में अब तक जगह नहीं बना पाये हैं। मुम्बई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले मुशीर खान ऑलराउंडर हैं। इंग्लैंड में मुंबई इमर्जिंग टीम की ओर से मुशीर ने नॉटिंघमशर की सेकंड इलेवन के खिलाफ पहले मैच की पहली पारी में शतक लगाने के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 31 रन देकर 6 विकेट लिए। वह मुम्बई क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित दौरे पर एक माह के लिए इंग्लैंड गये हैं। भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन काउंटी भी आजकल क्रिकेट खेलकर में शामदार प्रदर्शन कर रहे हैं। नॉटिंघमशायर काउंटी की ओर से खेलते हुए इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने लगातार दो मुकाबलों में अर्धशतक लगाये हैं। समरसेट के खिलाफ मैच में ईशान ने 128 गेंदों में 77 रन बनाए थे। वहीं इससे पहले मैच में भी ईशान ने यॉर्कशायर के खिलाफ 98 गेंदों में 87 रन बनाए थे।

## निसान ने पेश किया सबसे पावरफुल वर्जन 2026 निसान पैट्रोल निस्मो



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कार निर्माता कंपनी निसान ने अपनी आइकॉनिक एसयूवी पैट्रोल का अब तक का सबसे पावरफुल वर्जन 2026 निसान पैट्रोल निस्मो पेश किया है। यह एसयूवी सिर्फ परिवार के आराम के लिए नहीं, बल्कि रेसिंग जैसी परफॉर्मेंस का अनुभव देने के लिए बनाई गई है। इसके डिजाइन में नया वी-मोशन हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल दिया गया है, जो न सिर्फ आकर्षक दिखता है बल्कि बेहतर एयरफ्लो भी देता है। गाड़ी का लुक पहले से ज्यादा बोल्ड और स्पोर्टी है।
इसमें रेसिंग-स्टाइल डिफ्यूजर, एयरोडायनामिक स्पॉइलर और एफ1 इंस्पायर्ड रियर फॉग लैंप दिए गए हैं। बंपर और साइड स्कर्ट्स पर मिलने वाले रेड एक्सेंट्स और 22-इंच फॉर्ज्ड अलॉय व्हील्स इसे बेहद आक्रामक अंदाज देते हैं। रंग विकल्पों में वाइट पर्ल, ग्रे मेटैलिक, ब्लू मेटैलिक, ब्लैक पर्ल और खास स्टेल्थ ग्रे के साथ मोनोटोन और डुअल-टोन फिनिश शामिल हैं। इंटीरियर में रेड सीट बेल्ट्स, रेड स्टार्ट/स्टॉप बटन, कार्बन-फाइबर स्टाइल इंसर्ट्स और एल्युमिनियम पैडल्स दिए गए हैं, जो स्पोर्ट्स और लक्जरी का बेहतरीन मेल पेश करते हैं। इसके अलावा इसमें शानदार स्पेस भी है। परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें 3.5 लीटर ट्विन-टर्बो वी 6 इंजन दिया गया है जो 488 बीएचपी पावर देता है, जो स्टैंडर्ड मॉडल से लगभग 70 बीएचपी ज्यादा है। इसमें 9-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स और पैडल शिफ्टर्स हैं। निज्मो ई-डंपर्स सस्पेंशन सिस्टम और कस्टम ट्यून एग्जॉस्ट इसकी ड्राइविंग को और रोमांचक बनाते हैं। फिलहाल इसे मिडिल ईस्ट में लॉन्च किया गया है।


## आइकॉनिक एसयूवी चेरोकी नए अवतार में पेश



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जीप कंपनी अपनी आइकॉनिक एसयूवी चेरोकी को नए अवतार में पेश करने जा रही है। इस एसयूवी का 2026 मॉडल अब टीज़र के जरिए सामने आया है। कंपनी जी अपने रफ-एंड-टफ डिजाइन और एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ एसयूवी सेगमेंट में नया ट्रेंड सेट करने का वादा करती है। जीप ने अपने ट्रेडिशनल बॉक्सी लुक को बरकरार रखा है। इसमें सिग्नेचर 7-स्लॉट ग्रिल, यू-शेप एलईडी डीआरएल के साथ रेक्टैंगुलर हेडलैम्प्स, हनीकॉम्ब फ्रंट ग्रिल, मस्कुलर बंपर, रूफ रेल्स और आकर्षक एलईडी टेललैंप्स जैसे फीचर्स मिलेंगे। डिजाइन भले जीप कम्पास और वागोनीर एस से प्रेरित लगे, लेकिन चेरोकी का अलग ही करिश्मा देखने को मिलेगा। इंजन ऑप्शन्स की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 3.0-लीटर 'हूरीकेन' ट्विन-टर्बो पेट्रोल इंजन मिल सकता है, जो लगभग 556पीएस की ताकत और 707 एनएम टॉर्क देगा। इस इंजन का डिट्यून वर्जन बेहतर माइलेज के लिए हो सकता है। इसके अलावा एक ऑल-इलेक्ट्रिक वर्जन पर भी काम चल रहा है जिसमें 100केडब्ल्यूएच बैटरी पैक और डुअल मोटर सेटअप हो सकता है, जो लगभग 500 पीएस की पावर देगा। इससे यह एसयूवी पारंपरिक पेट्रोल इंजन के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक विकल्प भी देगी।

## अमेरिकी डॉलर में आई गिरावट, दुनिया के देशों पर इसका नहीं पड़ेगा असर

### अमेरिकी जानकार बोले- ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी से बनी यह स्थिति, बढ़ेगी महंगाई



**वॉशिंगटन,( एजेंसी )।** इस साल अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई। 1973 के बाद से अब तक ऐसा पहली बार है, जब एक साल के अंदर ही डॉलर में भारी गिरावट दर्ज देखी गई। भारतीय रुपए के मुकाबले एक डॉलर की कीमत 85 रुपए है। 20 जून को ही रुपए की कीमत डॉलर के मुकाबले 86.60 थी। कई करेंसीज के मुकाबले इस साल की शुरुआत से अब तक डॉलर पहले की तुलना में 10 फीसदी तक कमजोर हुआ है।
हालात यह है कि अमेरिकी करेंसी में निवेश करने वाले लोग निकल जाना चाहते हैं। ऐसा इसलिए ताकि महंगाई के संकट में यदि बाजार में गिरता है तो नुकसान से बच सकें। अमेरिकी बाजार जानकारों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी के चलते यह स्थिति बनी है। चीन, भारत, ब्राजील जैसे देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात की कीमत में इजाफा हुआ है और डॉलर कमजोर हुआ है। अब तक डॉलर को सबसे सुरक्षित करेंसी माना जाता रहा है। लेकिन इसमें भरोसे में कमी आई है। इंपोर्ट पर टैरिफ बढ़ गया है, जिसके चलते भारत और चीन जैसे देशों से अमेरिका पहुंचने वाला सामान महंगा हो गया है। इससे अमेरिका में महंगाई बढ़ गई और डॉलर भी कमजोर हो गया है। इस स्थिति से दूसरे देशों को परेशानी पहुंचाने वानर नहीं है, जितनी अमेरिका के लोगों को है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में महंगाई बढ़ने का डर है। ऐसा होगा तो ग्रोथ में भी कमी आएगी। लोग कम निवेश करेंगे और ज्यादा से ज्यादा पैसा लोग अपने पास रखना चाहेंगे। एक समस्या यह है कि अमेरिकी बाजार की स्थिरता को लेकर भी निवेशकों में भरोसा कम हुआ है। एक जानकार का कहना है कि अमेरिकी अथॉरिटीज ने जिस तरह से टैरिफ में इजाफा किया है, उससे बड़ा नुकसान हुआ है। अमेरिकी बाजार में ही अस्थिरता आई है और निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। इसके अलावा अमेरिकी बाजार में भी उत्पाद महंगे हुए हैं। महंगाई के चलते डॉलर कमजोर हुआ है। जानकारी के मुताबिक ट्रंप के टैरिफ वॉर और फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता पर हमलों ने डॉलर की सुरक्षित हेवन छवि को क्षति पहुंचाई है। विदेशी निवेशकों ने अमेरिकी परिसंपत्तियों की बिकवाली तेज कर दी, जिससे डॉलर इंडेक्स में पहले छह महीनों में 10.8 फीसदी की गिरावट आई। बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट के तहत टैक्स कट का विस्तार, स्वास्थ्य और कल्याणकारी योजनाओं में कटौती, और कर्ज में 3.3 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि से राजकोषीय घाटा बढ़ने की आशंका। अमेरिकी कर्ज की जीडीपी अनुपात 124 फीसदी से बढ़कर 2034 तक 134-156 फीसदी हो सकता है। फेड द्वारा 2025 के अंत तक दो से तीन बार ब्याज दरें कम करने की संभावना से डॉलर का आकर्षण कम हुआ है। प्रशासन का दबाव है कि अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए दरें तेजी से घटाई जाएं।

# रीवा के सोहागी घाटी में फिर सड़क हादसा, प्रयागराज मार्ग घंटों रहा जाम

*मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)। रीवा-प्रयागराज हाईवे पर सोहागी घाटी में एक बार फिर सड़क हादसा हुआ है। एक ट्रेलर ट्रक, जो कटरा से चाक घाट की ओर जा रहा था, अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर में लोड गिट्टी सड़क पर फैल गई, जिससे प्रयागराज मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और घंटों जाम की स्थिति बनी रही। घटना की सूचना मिलते ही सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ल स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से सड़क पर फैली गिट्टी को हटवाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में ट्रेलर के चालक और खलासी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात व्यवस्था बहाल की।*



## सतना में नकली किन्नरों को पकड़ा, सड़क पर कराया मुंडन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के कृष्णनगर में गुरुवार सुबह एक सनसनीखेज घटना हुई, जब असली किन्नरों ने नकली किन्नरों को पकड़ लिया। सुखेजा हाउस के पास सुबह साढ़े 11 बजे एक ऑटो में 8 नकली किन्नर पहुंचे, जिनमें से 4 ढोलक बजा रहे थे। वे आसपास के घरों में उत्सव की जानकारी जुटा रहे थे। स्थानीय लोगों के शक होने पर असली किन्नरों को इस बात की सूचना दी गई। असली किन्नरों के पहुंचते ही 7 नकली किन्नर भाग निकले, लेकिन एक को पकड़ लिया गया। असली किन्नरों ने पकड़े गए व्यक्ति के कपड़े उतरवाए और बीच सड़क पर उस्तरे से उसका सिर मुंडवा दिया। घटना का वीडियो वायरल हो गया, और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रीवा में नवविवाहिता ने प्रताड़ना से तंग आकर खाया जहर, हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में एक नवविवाहिता ने ससुराल वालों की कथित प्रताड़ना से तंग आकर आत्मघाती कदम उठा लिया। आनंदनगर निवासी अंजलि सिंह ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। गंभीर हालत में उन्हें संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अंजलि ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उन्होंने अपने पति, सास, ससुर और ननद पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। अंजलि की माँ विजयालक्ष्मी ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 2021 में हुई थी। अंजलि का पति रतलाम में नौकरी करता है। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुराल वाले अंजलि को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। वे उसे घर से निकालना चाहते थे। इसकी शिकायत महिला थाने में भी दर्ज की जा चुकी है लेकिन कोई ठोस कार्हीयवाही नहीं हुई। विजयालक्ष्मी के अनुसार, दो दिन पहले अंजलि अपने पति से मिलने रतलाम जा रही थी, लेकिन पति ने उससे मिलने से इनकार कर दिया और फोन पर तलाक की बात कही। ससुराल वालों ने भी उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया। पति और ससुराल से ठुकराए जाने के बाद अंजलि अपने मायके बैकुंठपुर चली गई। अंजलि मानसिक रूप से टूट चुकी जिसके चलते उसने पुलिस के नाम सुसाइड नोट लिखकर जहर खा लिया।

रीवा शहर में एक लाख पौधे लगाये जायेंगे, उप मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा की

# पौधरोपण की मुहिम में आमजनों को सहभागी बनाने के दिये गये निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को हराभरा बनाने के लिये चयनित स्थलों में एक लाख पौधे लगाये जायेंगे। वृक्षारोपण से पूर्व की सभी तैयारियाँ पूर्ण करें तथा इसमें आमजनों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाय। उप मुख्यमंत्री ने राजनिवास सर्किट हाउस में वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित किये गये स्थलों में व्यापक पैमाने पर छायादार, फलदार औषधीय पौधों का वृक्षारोपण करते हुए सड़क के किनारे वृक्षारोपण करें तथा ही पूर्व के रोपित पौधों के रिक्त भूमि में भी वृक्षारोपण कर गैप फिलिंग करें। उन्होंने कहा कि व्यापक पैमाने पर किये गये वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होगा तथा सड़क के किनारे किये गये वृक्षारोपण से शहर की सुंदरता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण सामाजिक दायित्व के साथ पुण्य का भी कार्य है अतः इससे आमजनों, व्यापारी संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों सहित अन्य लोगों को भी जोड़े ताकि उनका भी लगाव रहे। उप मुख्यमंत्री ने लगाये गये पौधों की पूर्ण सुरक्षा के इंतजाम किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक लाख पौधे एक साथ लगाने का व्यापक कार्यक्रम सुनिश्चित करें ताकि इस अभियान में सभी की सहभागिता हो। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने वन विभाग सहित नगर निगम व अन्य विभागों को वृक्षारोपण कार्य में सहभागी होने के निर्देश दिये। आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय में 40 हजार, लक्ष्मणबाग की भूमि में 20 हजार, पीटीएस एवं इंजीनियरिंग कालेज कैम्पस में 15-15 हजार तथा रतहरा कैनाल ट्रैक में दस हजार वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाई गयी है। इसके साथ ही शहर की सड़कों के किनारे भी वृक्षारोपण किया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, राजेश पाण्डेय, विवेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख उपस्थित रहे।

## सतना में ई-रिक्शा चालक के घर में एसी ब्लास्ट से भीषण आग



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना शहर की पुष्पराज कॉलोनी में बुधवार देर रात ई-रिक्शा चालक धेनू गुप्ता के घर में एसी ब्लास्ट से भीषण आग लग गई। आग ने टीवी, फ्रिज, बेड और कपड़ों सहित सारा घरेलू सामान जला डाला, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। घटना के समय धेनू काम पर और उनकी मां घर से बाहर थीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पड़ोसी श्रीकांत ने धुआं देखकर धेनू को सूचित किया। धेनू के पहुंचने तक आग विकराल हो चुकी थी। पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। धेनू ने बताया कि 11 जून को मोबाइल मार्ट से खरीदा गया लॉयड का डेढ़ टन का एसी बंद था, फिर भी ब्लास्ट हो गया। पीड़ित ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रीवा में निर्माणाधीन मकान में चोरी, मोबाइल, लैपटॉप और कार ले उड़े



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के बिछिया थाना क्षेत्र के ग्राम जोरी में एक निर्माणाधीन मकान में चोरों ने धावा बोला। बदमाशों ने घर से मोबाइल, दो लैपटॉप और बाहर खड़ी कार चुरा ली। पीड़ित रोशन लाल तिवारी के अनुसार, चोरों ने कार की चाबी भी घर से उठाई और कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया है और अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि मकान में खिड़कियों की कमी का फायदा उठाकर चोर देर रात घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। चोरी का सामान करीब एक लाख रुपये मूल्य का है। रोशन लाल ने बताया कि उनके बेटे को रात में नींद खुलने पर चोरी का पता चला। मोबाइल और लैपटॉप गायब थे, और बाहर का गेट बंद था। बाहर निकलने पर कार भी गायब मिली। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की, जिसके बाद चोर कार को पुलिस लाइन चौराहे पर लावारिस हालत में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और मामले की जाँच कर रही है।

# कलेक्टर ने 15 अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

### कलेक्टर ने लापरवाह अधिकारियों को वेतनवृद्धि रोकने का दिया नोटिस



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने तथा विभागीय रैंकिंग में सुधार के प्रयास न करने पर 15 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने तथा एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री एमपीईबी रायपुर कर्चुलियान सुशील पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सिरमौर सुधांशु शर्मा तथा एलडीएम जगमोहन को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने लापरवाही बरतने पर कार्यपालन यंत्री एमपीईबी रीवा भूपेश विक्रम सिंह, जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी त्योंथर ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग कमलेश्वर सिंह तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल को भी कारण बताओ नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी हुजूर मनीष मिश्रा, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायपुर कर्चुलियान अतुल तिवारी, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग योगेन्द्र राज, अनुविभागीय अधिकारी वन हृदयलाल सिंह तथा डीई सिटी एमपीईबी नारेन्द्र मिश्रा को भी कारण बताओ नोटिस दिया है।

### रीवा जिले में 17 पंच पदों के उपनिर्वाचन हेतु सूचना का प्रकाशन हुआ

रीवा (निप्र)। त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के तहत रीवा जिले की ग्राम पंचायतों के 17 रिक्त पंच पदों के लिये उप निर्वाचन हेतु गत एक जुलाई को निर्वाचन की सूचना एवं आरक्षण की सूचना तथा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। नामांकन की अधिसूचना जारी करने के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य आरंभ हो गया है। नामांकन पत्र जनपद पंचायत कार्यालय में रिटर्निंग आफीसर के समक्ष दाखिल किये जा रहे हैं।

### जिले में अब तक 141.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा.** जिले में एक जून से अब तक 141.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 161.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 108.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 216 मिलीमीटर, सिरमौर में 179.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 61मिलीमीटर, सेमरिया में 158 मिलीमीटर, मनगवां में 143 मिलीमीटर तथा जवा में 101 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी।

## मैहर में किसान की स्कूटी की डिग्गी से 3 लाख रुपये चोरी




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले के अमरपाटन कस्बे में एक किसान के साथ चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। हर्दी थाना रामपुर निवासी उमाकांत सिंह की स्कूटी की डिग्गी से 3 लाख रुपये से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, उमाकांत सिंह ने यूनियन बैंक से 3 लाख रुपये निकाले थे, ताकि इंडियन बैंक में क्रेडिट कार्ड की उधारी चुकाई जा सके। उन्होंने रकम को स्कूटी की डिग्गी में रखा और सतना तिराहे पर धर्मेंद्र कुशवाहा की किराना दुकान पर गए। वहां डिग्गी से कुछ रुपये निकालकर दुकान में चले गए। वापस लौटने पर डिग्गी का लॉक टूटा मिला और रुपये से भरा बैग गायब था।

## रीवा में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत, एक गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के पनवार थाना अंतर्गत ग्राम मनकाडाढ़ में एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक पेड़ के नीचे बैठे तीन युवकों पर अचानक आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों, में से रूपेश कुमार कोल और सुजीत कोल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक जुबेर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल चला रहे थे, तभी जोरदार चमक के साथ बिजली पेड़ पर गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डभौरा पहुंचाया, जहां से उन्हें जवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। जवा में चिकित्सकों ने रूपेश और सुजीत को मृत घोषित कर दिया, जबकि जुबेर का उपचार जारी है।



## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मैहर में माँ शारदा के किये दर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मैहर में माँ शारदा के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने माँ शारदा से प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

## रीवा में कार की टक्कर से बाइक सवार ट्रेलर में घुसा, गंभीर रूप से घायल




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के रायपुर करचुलियान थाना क्षेत्र के रामनई के समीप चौपाल ढाबा के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। रतहरा निवासी प्रभु दयाल पटेल अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक ट्रेलर ट्रक में जा घुसी। हादसे में प्रभु दयाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है और शरीर पर भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच करते हुए कार चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हादसा दोपहर करीब डेढ़ बजे हुआ।

## रीवा के क्योटी और चचाई जलप्रपात में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए चेतावनी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के क्योटी और चचाई जलप्रपातों में अच्छी बारिश के बाद प्राकृतिक सौंदर्य और निखर आया है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रशासन और ग्राम पंचायत ने कई कदम उठाए हैं। क्योटी जलप्रपात में खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और पत्थरों पर भी चेतावनी अंकित कर दी गई है। ग्राम पंचायत द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से पर्यटकों को गहरे पानी और कुण्ड में न जाने की चेतावनी दी जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गंगेव, प्राची चौबे ने बताया कि चेतावनी बोर्ड ऐसे स्थानों पर लगाए गए हैं, जहां लोगों की नजर आसानी से पड़े।

# मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा और सिंगरौली

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आज लैपटाप के लिये राशि वितरित की जायेगी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा और सिंगरौली आएंगे। मुख्यमंत्री सुबह 11.50 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12.50 बजे रीवा एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.20 बजे सिंगरौली जिले के सरई पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सरई में महिला सशक्तिकरण तथा जनजातीय कल्याण सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सम्मेलन में सिंगरौली जिले के 503 करोड़ के 54 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे सरई से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर अनूपपुर जिले के कोतमा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शाम 5 बजे कोतमा से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 5.45 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव शाम 5.50 बजे वायुयान से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में 4 जुलाई को प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटाप के लिये राशि वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर देखा व सुना जायेगा। रीवा जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक एक में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्र मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार मऊगंज में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल होंगे। उल्लेखनीय है कि भोपाल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रीवा जिले के छात्र अंकुर यादव एवं आर्यन पाण्डेय को तथा मऊगंज जिले के छात्र आयुष पाण्डेय एवं आशीष सिंह को मुख्यमंत्री जी लैपटाप की राशि वितरित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड स्तर पर शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. रायपुर कर्चुलियान, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. गंगेव, शा. उत्कष्ट उ.मा.वि. सिरमौर, शा. उत्कष्ट उ.मा.वि. सितलहा, शा. माडल उ.मा.वि. मऊगंज, शा. उत्कष्ट उ.मा.वि. हनुमना में तथा शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. नईगढ़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## मझगवां में सांसद गणेश सिंह के जन्मदिन पर फल वितरण और वृक्षारोपण कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सांसद गणेश सिंह के जन्मदिन के अवसर पर मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 25 ट्री गार्ड के साथ वृक्षारोपण किया गया, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही संदीपनी उच्च माध्यमिक विद्यालय मझगवां के सामने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, आयोजक राजकुमार जायसवाल, अवध बिहारी मिश्रा, राजाभाईया साहू, महामंत्री निखिल गौतम, बी.एम.ओ. डॉ. रुपेश सोनी, थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे, रेंजर पंकज दुबे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस आयोजन ने सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सांसद के प्रति समर्पण को दर्शाया।




स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।